26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 16 जून, 2026
अंक- 232 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## सरकार ने टेलीग्राम पर लगाई अस्थाई रोक

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) की पुनर्परीक्षा के मद्देनजर इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर 22 जून तक अस्थायी पाबंदी लगा दी है। यह कदम राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सिफारिश पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उठाया है। सरकार के इस निर्णय के बाद कोई भी उपभोक्ता 22 जून तक इस ऐप का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। इसके अलावा 30 जून तक टेलीग्राम पर किसी मैसेज को एडिट भी नहीं कर पाएंगे। एनटीए ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि धोखाधड़ी करने वाले गिरोह कथित तौर पर नीट उम्मीदवारों को ठगने के लिए टेलीग्राम का इस्तेमाल करते थे और पेपर लीक होने के झूठे दावे करते थे।

**CAFEZA डीलरशिप अवसर**

CAFEZA चाय, कॉफी एवं आइस टी के विस्तार हेतु विभिन्न क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त किये जा रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लिये उपलब्ध।

- ✓अच्छा मुनाफा
- ✓मार्केटिंग सपोर्ट
- ✓कम निवेश में व्यवसाय का अवसर

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें-
मो. 9149239203

## राम मंदिर चढ़ावा कांड में नया खुलासा

# सोने-चांदी की 1250 बहुमूल्य श्रीराम शिलाएं भी गायब

अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। राम मंदिर के दानपात्रों से चढ़ावे की धनराशि में हुए कथित गबन के मामले के बीच अब एक और सनसनीखेज दावा सामने आया है। आरोप है कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान देश-विदेश के श्रद्धालुओं द्वारा भेंट की गईं 1250 बहुमूल्य 'श्रीराम शिलाएं' भी रहस्यमयी ढंग से गायब हैं, जिनका कोई आधिकारिक हिसाब-किताब नहीं मिल रहा। ये शिलाएं सोने, चांदी और बेशकीमती रत्नों से जड़ी बताई जा रही हैं, जिनका ऐतिहासिक और भावनात्मक महत्व अतुलनीय है। दावों के अनुसार, इन शिलाओं में सबसे




महंगी शिला मॉरीशस से आई थीं, जबकि मुंबई के एक प्रतिष्ठित व्यापारी ने हीरे जड़ी एक अत्यंत दुर्लभ शिला दान की थी। अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि श्रद्धालुओं की इन ऐतिहासिक एवं अमूल्य भेंटों का आधिकारिक रिकॉर्ड कहां है, यह जिम्मेदारी किसके पास थी और इतनी बहुमूल्य वस्तुओं की निगरानी का दायित्व किस पर था? चर्चा है कि यदि इस प्रकरण की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के टर्म्स ऑफ रेफरेंस में यह बिंदु शामिल किया जाता है, तो श्रीराम शिलाओं के गायब होने के इस मामले की भी गहन पड़ताल की जा सकती है। अयोध्या के स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस मामले को लेकर शहर में ज़बरदस्त चर्चा है और कई जिम्मेदार लोग एसआईटी के समक्ष स्वयं पेश होकर चढ़ावा चोरी के संगठित गिरोह और इन गायब शिलाओं के संबंध में अहम जानकारियां देने को इच्छुक हैं।

सम्बंधित खबर पेज 8 पर

**बिकाऊ है फ्लैट व दुकान**

एक फ्लैट 3 BHK, 110 वर्ग मी., सुसज्जित 2 AC, पार्किंग, लिफ्ट, सर्वेंट क्वाटर सहित निकट शक्ति चौक, बिजनौर। एक दुकान 15.45 वर्ग मी. डबल साइड, ऑन रोड भूतल पर आकाश प्लाजा सिविल लाईन, बिजनौर में बिकाऊ है।
इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-
मो. 8218644848, 7906685162



**महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज**

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



**RVIT**
leading RVITians...
17 YEARS OF QUALITY EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING · PHARMACY MANAGEMENT
2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS | 990+ WORKSHOP TOURS | 85% PLACEMENTS IN 2025-26
MILESTONES Excellence Awards Year After Year.





B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in
R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.

**M D COLLEGE BIJNOR**
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open



Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272941221750 5/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# अलर्ट कम्पनी के नलकूप आपरेटर व गार्ड फिर बैठे धरने पर

**नांगल सोती (चिंगारी)।** जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य कर रहे अलर्ट कंपनी के नलकूप ऑपरेटरों और गार्डों ने सोमवार से एक बार फिर वीटीएल कंपनी के ग्राम राहतपुर खुर्द स्थित कार्यालय के परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि न ही उनका पांच माह का वेतन दिया जा रहा है और न ही उन्हें नियुक्त पत्र जारी किये जा रहे हैं।



धरनारत कर्मचारियों का कहना है कि नलकूप ऑपरेटरों एवं गार्डों को कार्य करते हुए वर्षों बीत गये हैं, मगर फिर भी अलर्ट कंपनी द्वारा उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं दिये गये हैं। साथ ही कंपनी द्वारा उन्हें समय पर वेतन भी नहीं दिया जाता है। वेतन मांगने पर झूठे आश्वासन मिलते हैं और तकाजा करने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। इस बार ऑपरेटरों और गार्डों ने आर-पार की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया है। एक माह पूर्व भी इन कर्मचारियों ने इन्हीं मांगों को लेकर वीटीएल कंपनी के कार्यालय पर ही धरना-प्रदर्शन किया था। अमित कुमार की अध्यक्षता एवं राजीव कुमार के संचालन में जारी धरना-प्रदर्शन में प्रदीप कुमार, विनीत कुमार, रिंकू कुमार, वीर सिंह, अमित कुमार, राजीव कुमार, रक्षक कुमार, विनीत कुमार प्रजापति, देवेन्द्र कुमार त्यागी, जितेन्द्र कुमार, अरुण शर्मा, प्रफुल्ल कुमार, चंद्रवीर गौतम, सिद्धांत कुमार, अमरेश कुमार, हिमांशु कुमार, विकुल कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, प्रियांशु कुमार, प्रशांत कुमार, संदीप कुमार, सहदेव कुमार, वीरेन्द्र कुमार, सागर कुमार सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंदिर जाने के लिये महिलाओं ने चारा काटकर रास्ता बनाया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** नांगल थानांतर्गत ग्राम सबलपुर बींतरा में बस्ती के दक्षिण की ओर भूमिया खेड़ा, ग्राम देवता और शिव मंदिर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भूमिया खेड़ा सबलपुर बींतरा और पास के ग्राम बरकातपुर के हैं, जबकि ग्राम देवता केवल सबलपुर बींतरा के हैं। भूमिया खेड़ा जहां सैकड़ों वर्ष पूर्व से हैं, वहीं शिव मंदिर का निर्माण दो वर्ष पूर्व हुआ है। भूमिया खेड़ा और शिव मंदिर पर जाने के लिये कोई रास्ता नहीं है। श्रद्धालु खेतों की मेढ़ से होते हुए पूजा के लिये वहां तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने किसानों से रास्ता लेने के काफी प्रयास किये, मगर दो किसान रास्ता देने के लिये तैयार नहीं हुए। रास्ते की समस्या से परेशान महिलाओं ने रविवार को खेतों में खड़ी चारे की फसल काटकर रास्ता बना लिया। किसान जाकिर, हरपाल, सत्यपाल, कृपाल, सग्गो तो भूमिया खेड़ा, मंदिर के लिये रास्ता देने को तैयार हो गये, मगर नासिर और सुनील ने सोमवार को इसकी शिकायत डायल 112 के माध्यम से पुलिस से कर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने बुलाया। ग्रामीणों का कहना है कि बिना रास्ते के वे पूजा करने के लिये भूमिया खेड़ा, मंदिर पर कैसे जायेंगे? वहीं थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों ने विवाद न करने का लिखित आश्वासन दिया है। महिलाओं ने बिना सहमति खेतों में रास्ता बना लेने के लिये अपनी गलती मानी है। लेखपाल को मौके पर बुलाया जायेगा। गांव में तनाव जैसी कोई बात नहीं है।


भूमिया खेड़ा के बगल में स्थित शिव मंदिर


महिलाओं द्वारा बनाया गया रास्ता


भूमिया खेड़ा की पूजा करतीं महिलायें

# 12 फीट से ऊंचे न हों ताजिये- थाना प्रभारी

**नांगल सोती (चिंगारी)।** मुहर्रम के दृष्टिगत स्थानीय थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित कर थाना प्रभारी ने जुलूस आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने कहा कि ताजिया की ऊंचाई 12 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिये। मुहर्रम के जुलूस केवल निर्धारित मार्गों से ही निकाले जायें। कोई नई परम्परा शुरू न की जाये। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से जानकारी हासिल की कि कहीं मुहर्रम के जुलूस को लेकर विवाद तो नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि कहीं विवाद की स्थिति नहीं है। बैठक में उपनिरीक्षक हरस्वरूप शर्मा, अब्दुल हक, मौजिज हुसैन, जाकिर अली, मौ. शाकिर, हमराज अली, वसी हैदर, शहजाद आलम एड. सहित कई व्यक्ति मौजूद रहे।



# कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर को युवकों ने थप्पड़ मारे



**जयपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके के साथ जयपुर में प्रदर्शन के दौरान धक्का-मुक्की और हंगामे की घटना सामने आई है। सोमवार को शहीद स्मारक पर आयोजित विरोध-प्रदर्शन के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने अभिजीत दीपके को थप्पड़ मार दिए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिसके बाद पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया। प्रदर्शन के दौरान हुए विवाद और थप्पड़ मारने की घटना के बाद कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस की ओर से आवश्यक कार्वाई की जा रही है। कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से NEET पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बेरोजगारी और अन्य छात्र-युवा मुद्दों को लेकर प्रदर्शन आयोजित किया गया था। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई।



# ख़त्म होगा ईरान-अमेरिका युद्ध, संडे को होंगे समझौते पर दस्तख़त

## स्विटजरलैंड में होगा आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका और ईरान पश्चिम एशिया में शांति बहाल करने के मुद्दे पर राजी हो गये हैं। दोनों देशों के बीच रविवार को जंग खत्म करने के लिए शांति समझौते पर सहमति बन गयी और अब आधिकारिक हस्ताक्षर समारोह शुक्रवार 19 जून को स्विट्जरलैंड में होगा। इस बात की जानकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया दी है। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया है। सभी को बधाई! मैं इसके ज़रिए होर्मुज़ जलडमरूमध्य को बिना किसी शुल्क के खोलने और साथ ही अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी को तुरंत हटाने की मंज़ूरी देता हूँ। दुनिया भर के जहाज़ अपने इंजन चालू करें। तेल का प्रवाह शुरू होने दो, वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है।




## अमेरिका-ईरान समझौते को मिला वैश्विक समर्थन

### इजरायल ने कहा हमारे लिए समझौता बाध्यकारी नहीं

अमेरिका-ईरान के बीच हुए बड़े राजनयिक समझौते का यूरोप तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वागत किया जा रहा है और इसे पश्चिम एशिया में स्थिरता लाने वाला बड़ा मोड़ माना जा रहा है लेकिन इजरायल इस समझौते का विरोध कर रहा है। इजरायल के वरिष्ठ नेताओं का साफ कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता में हुआ कोई भी समझौता इजरायल को अपनी सुरक्षा के खतरों के खिलाफ कार्रवाई करने से रोक नहीं सकता। यह नया मतभेद दिखाता है कि महीनों से चल रहे इस क्षेत्रीय संघर्ष को रोकना कितना जटिल और उलझा हुआ है। एक तरफ जहां यूरोप से लेकर एशिया-प्रशांत तक की सरकारें इस समझौते की तारीफ कर रही हैं, क्योंकि इससे तनाव कम होगा, जरूरी व्यापारिक रास्ते फिर से खुलेंगे और ईरान के परमाणु मुद्दे पर दोबारा बातचीत शुरू हो सकेगी।

## समझौते से पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की उम्मीद- मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में अमेरिका और ईरान के बीच बनी सहमति का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम होगी। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, मैं पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त करने के संबंध में अमेरिका और ईरान के बीच हुई समझ का स्वागत करता हूँ, जिसने विश्व भर में गंभीर आर्थिक व्यवधान उत्पन्न किया है और अनेक देशों में जनहानि का कारण बना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति से क्षेत्र में शांति स्थापित होगी और नौवहन तथा व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी। प्रधानमंत्री ने कहा, 'भारत को आशा है कि इस समझ के कार्यान्वयन से क्षेत्र में शांति और स्थिरता की पुनर्स्थापना में सहायता मिलेगी तथा नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित होगी। हम आशा करते हैं कि शेष मुद्दों पर विचार-विमर्श एक टिकाऊ अंतिम समझौते तक पहुँचेगा।'

## सात ग्राम पंचायतो के तत्कालीन प्रधानो से वसूले जायेंगे 73 लाख

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात ग्राम पंचायतों के तत्कालीन प्रधानों और पंचायत सचिवों से 73.65 लाख रुपये की वसूली के आदेश जारी किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान ग्राम पंचायतों में कराये गये विकास कार्यों और पंचायत निधि के व्यय की ऑडिट जांच में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके बाद जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर दोषी पाए गए संबंधित ग्राम प्रधानों एवं सचिवों के विरुद्ध वसूली की कार्रवाई शुरू की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा ने बताया कि जिला लेखा परीक्षा अधिकारी (सहकारी समितियां एवं पंचायत) द्वारा कराई गई ऑडिट में कुंदरकी, बिलारी और छजलैट विकास खंड की सात ग्राम पंचायतों में वित्तीय अनियमितताओं तथा अभिलेखीय कमियां पाई गई थीं। इस संबंध में संबंधित तत्कालीन ग्राम प्रधानों और पंचायत सचिवों को कई बार नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन उनकी ओर से न तो संतोषजनक जवाब प्रस्तुत किया गया और न ही ऑडिट परिपालन आख्या उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित व्यक्तियों से अनियमित रूप से खर्च की गई धनराशि की वसूली का निर्णय लिया गया है।

## औषधि निरीक्षक उमेश भारती का तबादला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** औषधि निरीक्षक उमेश भारती का मुरादाबाद के लिये तबादला हो गया है। उनके स्थान पर औषधि निरीक्षक मेरठ पीयूष कुमार को नियुक्त किया गया है। कैमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल, महामंत्री अश्विनी शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष इन्दर सिंह चौहान के अलावा सलिल विद्यार्थी, मनोज शर्मा, प्रदीप तोमर, संतोष चौहान, डा. अशरफ महताब ने कहा कि श्री उमेश भारती ने अपने चार वर्ष के कार्यकाल में कैमिस्टों के साथ मित्रवत व्यवहार किया। साथ ही गैरकानूनी कार्य करने वालों को जेल भी भिजवाया।

Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L



9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount



4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे
या बुरी ...

## बढ़ती मांग और घटती ऊर्जा

गर्मी के बढ़ते ही देश में ऊर्जा संकट बढ़ गया है। खाड़ी युद्ध के दुष्परिणाम आग में घी का काम कर रहे हैं और ऐसे में भारत बड़े पैमाने पर ऊर्जा की कमी से जूझ रहा है। ऊर्जा की मांग-आपूर्ति का अंतर दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि देश के एक चौथाई लोग आज भी बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। देश के 28 में से 22 राज्यों का ही पूरी तरह विद्युतीकरण हो पाया है। देश में ऐसे जिलों की कमी नहीं है, जहां 10-15 घंटे से अधिक बिजली नहीं आती। इन हालात में यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि सामान्य जनजीवन ही नहीं, उद्योग-धंधे भी किस हद तक प्रभावित हो रहे होंगे। दुखद यह है कि यह हालात पिछले दो दशकों से लगातार बने हुए हैं और इनमें बदलाव के नाम पर या तो चर्चाएं हुई हैं या सिर्फ छोटे-मोटे कदम ही उठाये गये हैं। अंतराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार अगले 20 साल में भी भारत में ऊर्जा की कमी बनी रहेगी।

कुल मिलाकर ऊर्जा की यह समस्या देश के विकास और भविष्य को सीधे प्रभावित करती है जिसके लिए हमें अभी से संजीदा होना होगा, ठोस कदम उठाने होंगे। किसी भी देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा के मायने यह हैं कि वर्तमान और भविष्य की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति इस तरीके से हो कि सभी लोग ऊर्जा से लाभान्वित हो सकें, साथ ही पर्यावरण पर भी कोई कुप्रभाव न पड़े, और यह तरीका स्थायी हो, न कि लघुकालीन। इस तरह की ऊर्जा नीति अनेक वैकल्पिक ऊर्जा का मिश्रण हो सकती है, जैसे कि सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, छोटे पानी के बांध, गोबर गैस इत्यादि। भारत में इसके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, और वैकल्पिक ऊर्जा के तरीके ग्राम स्वराज्य या स्थानीय स्तर पर स्वावलंबन के सपने से भी अनुकूल हैं, इसलिए देश में इन्हे बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है। हमें न केवल वैकल्पिक ऊर्जा के लिए पर्याप्त इंतजाम करना होगा, बल्कि ऊर्जा संरक्षण के लिए सांस्थानिक परिवर्तन भी करना होगा जिससे लोगों के लिए स्थायी और स्थानीय ऊर्जा के संसाधनों से ऊर्जा की जरूरत पूरी हो सके।

# वैश्विक समस्याएं और 'जेन-जी'

एक लोकतान्त्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दल ही राज्य का संचालन और नीतियों का निर्माण करते हैं। इनके बिना कोई भी आन्दोलन मात्र एक अराजक उत्पात भर होगा। कुछ विशेष अवसरों को छोड़कर जब इन आन्दोलनकारियों ने अपनी भी पार्टी बना ली है, सामान्यत: यह देखने में आया कि जब कभी आन्दोलन व्यापक हुआ तो अन्ततोगत्वा राजनीतिक दलों ने ही उसका संचालन किया और आंदोलनकर्ताओं ने भी पार्टी का पल्लू थामा है। आज जबकि 5 जी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का युग है तथापि राजनीतिक दल, राजनीतिक मूल्य शून्य हो चुके हैं और उनकी संरचना और कार्यशैली औद्योगिक युग जैसी परिवर्तित होते समय के साथ समाज की महत्वाकांक्षाओं में भी परिवर्तन आया है। अत: युवाओं के भावात्मक आक्रोश और समाज में हो रहे परिवर्तनों को समझते हुए राजनीतिक दलों को भी अपने ढांचे और कार्य संस्कृतियों को आधुनिक करना होगा।



वस्तुत: इन्टरनेट और तकनीक के दुनिया का 'महारथी' अथवा 'असली किंग', जिसकी संख्या भारत में लगभग 35 करोड़ है और जिसके अधिकतर सदस्य 25 से 29 वर्ष के युवा हैं। वर्ष 1997 से 2012 ई. के मध्य जन्मी हमारी वह पीढ़ी है जिसे सरल शब्दों में आजकल 'जेनरेशन-जी' या 'जेन-जी' नाम से सम्बोधित किया जाता है। ऐतिहासिक एवं समकालीन दृष्टि से जैसे भारतीय सन्दर्भों में अनादिकाल से परदादा, दादा, पिता और पुत्र के माध्यम से पीढ़ियों को समझा जाता रहा है, ठीक उसी प्रकार से पश्चिमी देशों द्वारा पीढ़ियों के गणनाक्रम में वर्ष-1883 से 1900 ई. के मध्य जन्मी पीढ़ी को 'लास्ट जेनरेशन' नाम से वर्ष-1901 से 1927 ई. के मध्य जन्मी पीढ़ी को 'ग्रेटेस्ट जेनरेशन' वर्ष-1928 से 1945 ई. के मध्य जन्मी पीढ़ी को 'साइलेंट जेनरेशन', वर्ष-1946 से 1964 ई. के मध्य जन्मी पीढ़ी को 'बेबी बूमर्स', वर्ष -1965 से 1980 ई. के मध्य जन्मी पीढ़ी को 'जेनरेशन-एक्स', वर्ष -1981 से 1996 ई. के मध्य जन्मी पीढ़ी को 'जेनरेशन-वाई ', वर्ष-1997 से 2012 ई. के मध्य जन्मी पीढ़ी को 'जेनरेशन - जेड ' और मानव सभ्यता की सबसे नवीनतम एवं पूर्णत: 21वीं सदी में, वर्ष-2012 से 2025 ई. के मध्य जन्मी पीढ़ी को 'जेनरेशन-अल्फ़ा' नाम से सम्बोधित किया गया है।



कुशाग्र बुद्धि एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग एवं उसमें होने वाले नित नये परिवर्तनों को अतिशीघ्र आत्मसात करने में दक्ष 'जेन-जी' हाथ एवं हाथ की उंगलियों को लैपटॉप एवं मोबाइल पर कुछ इस प्रकार से चलाती है मानो इनकी उंगलियों और कीबोर्ड की पुरानी नातेदारी हो, साथ ही इसका उपयोग ये एक कुशल पेशेवर के समान करती है। सुदृढ़ उद्यमशीलता की प्रवृति से युक्त, टीम वर्क एवं आत्म-अभिव्यक्ति को महत्तव प्रदान करती। गैर-पदानुक्रमित नेतृत्व स्वीकारती, अत्यधिक अनुकूलनीय और परिवर्तन के प्रति खुली यह पीढ़ी नस्लीय और समानता की समर्थक, जलवायु परिवर्तन सहित सामाजिक मुद्दों को लेकर चिंतित और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण इसकी प्राथमिकता में है।

सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म संचार का वह माध्यम है, जो व्यक्तियों को अपनी भावनाओं और रणनीतियों को साझा करने का स्थान देता है। विगत कुछ वर्षों में 'जेन-जी' ने इसका उपयोग करते हुए, सम्पूर्ण विश्व में अनेक आन्दोलन किए हैं, जैसे-सोशल मीडिया पर प्रतिबन्ध, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन को लेकर 'नेपाल' में वर्ष-2025 का आन्दोलन, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर 'मेडागास्कर' में वर्ष -2025 का व्यापक प्रदर्शन, फाइनेंस बिल (कर वृद्धि) के विरुद्ध प्रारंभ होकर व्यापक सामाजिक परिवर्तन की मांग वाला 'केन्या' में वर्ष-2024 का विकेंद्रीकृत आन्दोलन सार्वजनिक सेवाओं के स्थान पर अन्य परियोजनाओं पर कोष खर्च करने के विरुद्ध 'मोरक्को' में हुआ 'जेन-जी 212' आन्दोलन सरकारी नौकरियों में भेदभावपूर्ण आरक्षण नीति के विरुद्ध 'बांग्लादेश' में वर्ष-2024 का कोटा सुधार आन्दोलन आर्थिक संकट, भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहारों के विरुद्ध 'श्रीलंका' में वर्ष-2022 में हुआ आन्दोलन, सरकारी बजट कटौती के विरुद्ध 'चिली' में वर्ष-2019 का सामाजिक आंदोलन तथा 'इंडोनेशिया', 'पेरू' और अन्य देशों में हुए आन्दोलन जिनको 'ईयर ऑफ़ द प्रोटेस्ट-2025' में गिना जाता है ।

यदि हम भारत की बात करें तो 'जेन-जी' आन्दोलन का उदय भारत में वर्ष -2014 में हुआ जब भ्रष्टाचार और युवाओं के सपनों को लेकर लाखों युवक समाजसेवी श्री अन्ना हजारे जी के नेतृत्व में सड़क पर उतरे थे। परिणामस्वरूप केन्द्र में 'भाजपा' एवं दिल्ली राज्य में 'आम आदमी पार्टी' पदस्थ हुईं, किन्तु इस बार आन्दोलन सड़क पर नहीं, अपितु सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर दिख रहा है, जब रोष में आए एक युवक अभिजीत दिपके ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम से दिनांक-16 मई, 2026 को एक आभासी संगठन खड़ा कर दिया। इस तथ्य पर आश्चर्य नहीं अपितु इसकी जांच होनी चाहिए कि 'जेन-जी' इस समय कितना उबल रहा है? यह वेग कब तक रहेगा? और किस दिशा में चलेगा? नाराजगी से बने संगठन अधिकांशत: रास्ता भटक जाते हैं। जिस तेजी से युवा एकजुट हो रहे हैं, वह बदलाव ला भी सकते हैं और स्वयं भी बदल सकते हैं। इस तरह के विरोध प्रदर्शन सामान्यत: ऐसी शक्तियों के हाथों में चले जाते हैं जो सड़क पर दूसरे के मुहं से अपनी बात कहलवाते हैं और ऐसे एजेंडे विकसित करते हैं जिनसे उनकी स्वार्थ सिद्धि हो सके।

कुल मिलाकर, डिजिटल नेटिव पीढ़ी 'जेन जी' के आन्दोलन सामान्यत: नैराश्य और क्षोभ से उत्पन्न, अनुभवजन्य पीढ़ा से अनुप्राणित, भावात्मक उर्जा से उत्प्रेरित और तात्कालिक न्याय चाहते हैं। यद्यपि इनके पास सशक्त संगठनात्मक ढांचे, स्थाई संरचना, सुस्पष्ट और निर्णायात्मक राजनीतिक-सामाजिक-आर्थिक दर्शन का अभाव है किन्तु इनको 'तुच्छ' समझना, भविष्य के लिए महान त्रुटि हो सकती है, क्योंकि आने वाला समय पूर्णत: डिजिटल और टेक्नोलॉजी आधारित है। यह सत्य है कि 'जेन जी' के भावनात्मक आक्रोश का राजनीतिक अनुवाद राष्ट्र को समर्पित राजनीतिक दल ही कर सकते हैं किन्तु विडंबना यह है कि पारम्परिक राजनीति 'जेन जी' की समस्याओं का उचित समाधान प्रस्तुत नहीं कर पा रही है। अत: भारत सहित विश्व के समस्त राजनीतिक दलों को 'जेन जी' की समस्याओं के उचित समाधान हेतु स्वयं को पुष्ट करना ही होगा। सौभाग्य से भारत में इस ओर राजनीतिक दलों द्वारा सम्यक प्रयास गतिमान हैं, जो सुखद है।

**राजीव कुमार 'राज' मुरादाबाद**

## समस्याओं का बोझ

**प्रेरक-प्रसंग**

एक प्रोफेसर कक्षा में दाखिल हुए, उनके हाथ में पानी से भरा एक गिलास था। उन्होंने उसे बच्चों को दिखाते हुए पूछा, यह क्या है? छात्रों ने उत्तर दिया, गिलास। प्रोफेसर ने दोबारा पूछा, इसका वजन कितना होगा? उत्तर मिला, लगभग 100-150 ग्राम। उन्होंने फिर पूछा, अगर मैं इसे थोड़ी देर ऐसे ही पकड़े रहूं तो क्या होगा? छात्रों ने जवाब दिया, कुछ नहीं। अगर मैं इसे एक घण्टे पकड़े रहूं तो? प्रोफेसर ने दोबारा प्रश्न किया। छात्रों ने उत्तर दिया, आपके हाथ में दर्द होने लगेगा। उन्होंने फिर प्रश्न किया, अगर मैं इसे सारा दिन पकड़े रहूं तो क्या होगा? तब छात्रों ने कहा, आपकी नसों में तनाव हो जाएगा। नसें संवेदन शून्य हो सकती हैं, जिससे आपको लकवा हो सकता है। प्रोफेसर ने कहा, बिल्कुल ठीक। अब यह बताओ क्या इस दौरान इस गिलास के वजन में कोई फर्क आएगा? जवाब था कि नहीं। तब प्रोफेसर बोले, यही नियम हमारे जीवन पर भी लागू होता है। यदि हम किसी समस्या को थोड़े समय के लिए अपने दिमाग में रखते हैं। तो कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन अगर हम देर तक उसके बारे में सोचेंगे तो वह हमारे दैनिक जीवन पर असर डालने लगेगी। हमारा काम और पारिवारिक जीवन भी प्रभावित होने लगेगा। इसलिए सुखी जीवन के लिए आवश्यक है कि समस्याओं का बोझ अपने सिर पर हमेशा नहीं लादे रखना चाहिए। समस्याएं सोचने से नहीं हल होतीं। सोने से पहले सारे समस्यायुक्त विचारों को बाहर रख देना चाहिए। इससे आपको अच्छी नींद आएगी और आप सुबह तरोताजा रहेंगे।

# शाहपुर खेड़ी में रात्रि चौपाल लगाई राणा जी ने सरकार की योजनाएं बताई

**स्योहारा ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल पुर्ण होने पर चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत रात्रि चोपाल का आयोजन क्षेत्र के गांव शाहपुरखेड़ी में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक अशोक कुमार राणा का गांव वालों ने जोरदार स्वागत किया। विधायक अशोक राणा ने रात्रि चोपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल को 12 वर्ष पुर्ण हो गये हैं। यह ऐतिहासिक है कि पहली बार कोई निर्वाचित प्रधानमंत्री 12 साल इस पद पर रहे। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, अटल पेशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित कई दर्जन योजनाएं हैं, जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। इस दौरान विधायक अशोक राणा ने एक नवनिर्मित नाले का भी शुभारंभ किया । ब्लाक प्रमुख उज्जवल सिंह चौहान, प्रियंकर राणा भी मौजूद रहे ।



रात्रि चोपाल को सम्बोधित करते विधायक अशोक राणा

# ई-रजिस्ट्री के विरोध में हड़ताल पर गये

**नगीना ( चिंगारी )।** सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ता समस्त दस्तावेज लेखक, समस्त स्टांप विक्रेता सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सोमवार की दोपहर एसडीएम प्रिंस कुमार को मुख्यमंत्री के नाम दिए गए ज्ञापन में रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जमीनों व संपत्ति की रजिस्ट्री के लिए लागू की जा रही ई- रजिस्ट्री प्रणाली की गंभीर विसंगतियां और इसके कारण आम जनता व कानूनी पेशा धारकों के सामने तमाम संकट पैदा होंगे। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि जनहित में इस अव्यावहारिक ई-रजिस्ट्री व्यवस्था को तत्काल वापस लिया जाए। इस मौके पर अध्यक्ष हरदयाल सिंह, महासचिव फूल सिंह, महावीर सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ता।

# अब हीमपुर बुजुर्ग में दिखाई दिया गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )। बास्टा रोड के बाद बीती रात ग्राम हीमपुर बुजुर्ग के जंगल में गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। गुलदार के भय से किसान अकेले जंगल जाते हुए घबरा रहे हैं। बीती रात लगभग साढ़े 9 बजे ग्राम हीमपुर बुजुर्ग के लोगों ने गांव के पास स्थित सो सिंह सैनी के नलकूप पर गुलदार बैठे देखा, मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। शोर शराबा होने पर गुलदार वहां से चला गया। ग्राम प्रधान अली वारिस ने वन विभाग के अधिकारियों को इस बारे में सूचना दी तथा गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की। मालूम हो कि पिछले एक सप्ताह के भीतर बास्टा रोड पर चांदपुर हेजरपुर के बीच दो बार गुलदार दिखाई दे चुका है।**

# किसानों का जत्था हरिद्वार रवाना

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा हरिद्वार में तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए नूरपुर ब्लॉक से किसानों का जत्था ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में आज सुबह 6 बजे रवाना हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हरिद्वार के वीआईपी घाट पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में भारतीय किसान यूनियन की आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार की जाएगी। शिविर में यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के अलावा राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। हरिद्वार जाने वाले जत्थे में जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, विनीत धनकड़, लोकेश कुमार, कोकिल चौधरी, कल्याण सिंह, पीयूष कुमार, समरपाल यादव, दुष्यंत यादव, रवि चौधरी, अभय चौधरी, कावेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# पूर्व मण्डल प्रभारी डीपी सिंह रवि बसपा से निष्कासित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) जिला कार्यालय बिजनौर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी ने कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पूर्व मंडल प्रभारी श्री डी.पी. सिंह रवि को पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

विज्ञप्ति में बताया गया कि डी.पी. सिंह रवि, निवासी नजीबाबाद (जिला बिजनौर), पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने और संगठन में अनुशासनहीनता अपनाने के आरोप थे। पार्टी द्वारा उन्हें कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन उनके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

जिला यूनिट ने स्पष्ट किया कि संगठन और बहुजन समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। पार्टी का कहना है कि अनुशासनहीनता और विरोधी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association




(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# डॉ. इशरत वारसी दूसरी बार बने भाकियू के युवा मंडल उपाध्यक्ष

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा मंडल अध्यक्ष इशुराज राणा ने कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर (तेलीपुरा) निवासी डॉ. इशरत अली वारसी को पुनः मंडल उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने उन्हें बधाई दी। अपने मनोनयन होने पर उन्होंने कहा कि संगठन के आलाकमान ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उसका वह पूरी निष्ठा के साथ निर्वाहन करेंगे। उन्हें बधाई देने वालों में जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, ब्लॉक उपाध्यक्ष मौहम्मद शमशेर, ब्लॉक मीडिया प्रभारी डॉ. शमीम राही, सुधीर शर्मा, अशफ़ाक खान, रियाजुद्दीन उर्फ मंटू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़, नासिर मलिक, सरताज़ अली, फहीम सैफ़ी, कल्याण सिंह, पीयूष कुमार, दुष्यंत यादव, रवि चौधरी, अभय चौधरी, प्रधान शाह आलम मलिक आदि रहे।






खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।





पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



# सरकारी भूमि पर किये गये अवैध निर्माण पर चला 'पीला पंजा'



पुलिस और विनियमित क्षेत्र का स्टाफ अतिक्रमण हटवाते हुए।

**धामपुर (चिंगारी)।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत जैतरा के मौजा नंगला गूंगा में नहटौर रेलवे फाटक के समीप राजस्व अभिलेखों में खाद के गड्ढों के रूप में दर्ज भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध निर्माण के खिलाफ सोमवार को उप जिला अधिकारी के आदेश पर राजस्व विभाग विनियमित क्षेत्र ने पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन (पीले पंचे) से कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन ढांचे को ध्वस्त करा दिया। इस कार्रवाई से अतिक्रमण कारियों में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार बड़ी मंडी निवासी पियूष बंसल पुत्र जगदीश प्रसाद ने उप जिलाधिकारी धामपुर को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया था कि नहटौर रेलवे फाटक के पास स्थित सरकारी भूमि पर नियमों को दरकिनार कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायत के आधार पर राजस्व एवं विनियमित क्षेत्र द्वारा मामले की जांच कराई गई। जांच में प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने पर सोमवार शाम प्रशासनिक टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। हल्का धामपुर के लेखपाल प्रभात कुमार एवं छत्रपाल सिंह तथा विनियमित क्षेत्र विभाग के लिपिक योगेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से निर्माणाधीन दीवार को ध्वस्त कर दिया। मौके पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहा।

## " एसडीएम ने दी चेतावनी

**उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने कहा कि नगर में अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति नियमों की अनदेखी कर निर्माण करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से किसी भी निर्माण कार्य से पूर्व संबंधित विभागों से आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करने की अपील की।**

# फोरलेन हाईवे के आसपास स्थित होटलों की गहन जांच की मांग



पुलिस क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन देने के बाद यूनियन के पदाधिकारी।

## भाकियू महिला मोर्चा ने सीओ को दिया ज्ञापन

**धामपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र में संचालित कुछ होटलों में होने वाली अश्लील गतिविधियों को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति पश्चिमी उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष कविता राणा के नेतृत्व में दर्जनों महिला पदाधिकारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अंजनी कुमार चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपकर कथित संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि धामपुर, नहटौर, ग्राम कश्मीरी, ग्राम जैतरा, ग्राम सुहागपुर, ग्राम ढक्का कर्मचन्द तथा नगीना-शेरकोट फोरलेन हाइवे के आसपास संचालित कुछ होटल नियमों की अनदेखी कर ऐसे कार्यों का केंद्र बने हुए हैं, जिनसे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। संगठन ने दावा किया कि पूर्व में भी पुलिस द्वारा कुछ होटलों पर छापेमारी कर अनियमितताएं पकड़ी गई थीं, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ होटलों में बाहरी लोगों का लगातार आवागमन बना रहता है जिससे अवैध गतिविधियों की आशंका बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे आसपास रहने वाले परिवारों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है तथा युवाओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। संगठन ने सभी संदिग्ध होटलों की गहन जांच, आगंतुकों के सत्यापन और अभिलेखों की पड़ताल की मांग करते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**
**निकट थाना कोतवाली, धामपुर**

**मनोज कात्यायन 9927500708**
**जुल्फिकार मंसूरी 9568154643**

# हर वर्ग के उत्थान के लिये काम कर रही भाजपा सरकार - अशोक राणा



स्टॉल पर स्टाफ से वार्ता करते हुए विधायक अशोक राणा।

**धामपुर (चिंगारी)।** विकास खण्ड अल्हैपुर के परिसर में जनकल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेला जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनहितकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन भी प्राप्त किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही शासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। स्वास्थ्य मेले में डाक्टरों की टीम द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में आयुष्मान भारत योजना, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रो. राजेश सिंह चौहान को बनाया मीडिया प्रभारी



प्रो. डॉ. राजेश सिंह चौहान

**धामपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर कुलदीप सिंह तंवर ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश सिंह चौहान को अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपते हुए मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। जारी नियुक्ति पत्र में कहा गया कि समाज के प्रति उनके सेवा भाव, समर्पण और सक्रिय कार्यों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रो. राजेश चौहान अपने क्षत्रिय धर्म का पालन करते हुए समाज को संगठित करने तथा महासभा के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनसे संस्था के संविधान के अनुरूप पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने की अपेक्षा की गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो.डॉ. राजेश सिंह चौहान ने अतिरिक्त जिम्मेदारी को निभाने का आश्वासन दिया है और कहा है कि संगठन के प्रति अपनी पूरी श्रद्धा ईमानदारी के साथ कार्य करके संगठन को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे।

# वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी समस्याओं पर चिंतन किया



**धामपुर (चिंगारी)।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की मासिक बैठक का आयोजन पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर चिंतन किया गया और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। समिति के नगर अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को जीवन को संयमित और नियमित रखने हेतु योग करना चाहिए और आहार विहार आचार-विचार अच्छा रखना चाहिए जिससे बुढ़ापे में परिवार में ताल मेल बैठ सके और समरसता बनाए रखें। बुढ़ापे में अपने पास खर्च की व्यवस्था बनाकर रखनी चाहिए। राम अवतार ने बताया कि गुरु की महिमा महान होती है। सबको अपने जीवन में गुरु धारण अवश्य करना चाहिए। श्रीमती सारंगा देश ने बताया कि बहु को बेटी समझना चाहिए, बच्चों को संस्कार देने चाहिए जिससे बड़े होकर वह मां-बाप की सेवा कर सकें। बैठक में हीरा सिंह, रामस्वरूप, धर्मपाल सिंह, राम सिंह सुमन ने भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। बैठक में धर्मेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, श्यामलाल, राकेश कुमार, अनिल कश्यप, स्वतंत्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, आनंद सिंह, राम सिंह सैनी, विजयपाल सिंह, डॉक्टर सारंग देश, रामावतार सिंह, इंद्रनाथ आदि शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता आनंद सिंह ने की और संचालन श्यामल आचार्य द्वारा किया गया।

# शक्ति चौक से जजी चौक तक ई-रिक्शा की एंट्री बैन, कुछ तो मिलेगा चैन!

बिजनौर ( चिंगारी )। शहर में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए यातायात पुलिस ने नया रूट प्लान तैयार किया है। इसके तहत शहर को चार अलग-अलग सर्कुलर मार्गों में विभाजित किया गया है तथा जजी चौराहे से शक्ति चौराहा तक के मार्ग को ई-रिक्शा मुक्त घोषित किया गया है।

यातायात पुलिस द्वारा जारी रूट प्लान के अनुसार पहला मार्ग (हरा रंग) रोडवेज चौराहा, सुभाष चौक, जजी चौराहा, मंडावर चौराहा, मित्तल पेट्रोल पंप तिराहा, नुमाइश ग्राउंड चौराहा और विकास भवन तिराहा होते हुए पुन: रोडवेज चौराहा तक निर्धारित किया गया है।

दूसरा मार्ग (लाल रंग) शक्ति चौराहा, रेलवे स्टेशन, सेंट मैरी स्कूल चौराहा, नगीना चौराहा और कंट्रोल रूम तिराहा से होकर वापस शक्ति चौराहा तक रहेगा। तीसरा मार्ग (पीला रंग) कृष्णा कॉलेज तिराहा, चांदपुर तिराहा, झालू चौराहा, जानी चौराहा, बुखारा चुंगी, कंट्रोल रूम तिराहा, नगीना चौराहा और कालिका मंदिर चौराहा से होते हुए पुन: कृष्णा कॉलेज तिराहा तक तय किया गया है।



चौथा मार्ग (नीला रंग) कंट्रोल रूम तिराहा, शक्ति चौराहा, सिविल लाइन, नगरपालिका तिराहा, रोडवेज डाकखाना चौराहा, बुल्ला का चौराहा, मोईन का चौराहा और बुखारा चुंगी से होकर फिर कंट्रोल रूम तिराहे तक रहेगा।

### नागरिक सहयोग करें- रवि नैन

यातायात प्रभारी रवि नैन का कहना है कि नये रूट प्लान का उद्देश्य शहर में यातायात को सुचारु बनाना और जाम की समस्या को कम करना है। नागरिकों से निर्धारित मार्गों का पालन करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई है।

### बिजनौर में चलती हैं 4 हजार ई-रिक्शा

नगर में लगभग चार हजार ई-रिक्शा चलती हैं, जिससे मुख्य चौराहों और व्यस्त मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। खासकर शक्ति चौक, जजी चौक, नगर पालिका व पोस्ट ऑफिस चौक, जानी का चौराहा, शंभूदयाल का चौराहा आदि स्थानों पर दिन भर जाम की स्थिति रहती है। शक्ति चौक से जजी चौक तक ई-रिक्शाओं की एंट्री बंद होने से वहां जाम से निजात मिलने की उम्मीद की जा रही है। इससे वाहन चालकों, दुकानदारों और आम राहगीरों को राहत मिलेगी। यातायात प्रभारी का कहना है कि नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# नूरपुर ब्लॉक में आयोजित किया गया जनकल्याणकारी शिविर व स्वास्थ्य मेला

नूरपुर ( चिंगारी )। विकास खण्ड नूरपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 140 करोड़ भारतायों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महेन्द्र धनौरिया, निदेशक मुरादाबाद मंडल उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. लखनऊ तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने फीता काटकर मेले का शुभारम्भ किया। कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बाल विकास पुष्टाहार विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में आकांक्षा चौहान ने अपने सम्बोधन में मोदी सरकार की गत 12 वर्षों की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। महेन्द्र धनौरिया ने अपने सम्बोधन में बताया कि मोदी सरकार में किसी भी योजना के लिए जितनी सुविधा सरकार के द्वारा दी जा रही है, वह लाभार्थी के खाते में



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान।

डीबीटी के माध्यम से सीधे दी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन एडीओ ग्राम विकास सलीम अहमद ने किया। कार्यक्रम में राशु चौहान, सत्यवीर सिंह चौहान, विनय चौहान, धर्मेन्द्र सैनी, डॉ. प्रतिमा वैज्ञानिक,एबीएसए अमरेश, सीडीपीओ सतीश कुमार,एडीओ पंचायत करूणा चौहान, एकेश्वर कुमार सुन्दरियाल, योगेश कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी अजय गन्दर्भ, डॉ. अनिल प्रकाश, डॉ. आशीष, सीमा भारद्वाज, शोवित कुमार, फिरोज, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, ग्राम पंचायतों से आये ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, नीरज कुमार, सलमान खान, रंजीता, मोनिका चौहान, मीनाक्षी, मोहित कुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव तथा जावेद अख्तर, छोटन बीएमएम आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम को दिया चार सूत्रीय ज्ञापन

चांदपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति कार्यकर्ताओं ने 4 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में यमुना एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ सर्विस रोड का निर्माण कराये जाने, किसानों पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले जेवर टोल मेनेजर के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने आदि मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह काकरान, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष टिल्लू भैया, सतवीर सिंह, योगेंद्र सिंह तोमर, बिजेंद्र प्रधान, तरुण कुमार, सुभाष चौधरी, नरसी



भगतजी, कन्हैया, कमल सिंह, दयाराम सिंह, नाथू यादव, नईम अहमद, सचिन कुमार, सलीम अहमद, डा. शमशाद अहमद, खिलेंद्र चौधरी, जसवंत सिंह आदि शामिल रहे।

# करेंट की चपेट में आकर मौत

चांदपुर ( चिंगारी )। खेत में टूटे पड़े एचटी लाइन में आ रहे करेंट की चपेट में आने से एक युवा किसान की मौत हो गई। ग्राम हिलालपुर उर्फ बहावलपुर निवासी तेज बहादुर ( 35 वर्ष ) पुत्र फूल सिंह ने खेत में घर बना रखा है। सोमवार की शाम को तेज बहादुर घर के पीछे स्थित नलकूप पर जा रहा था। खेत में टूटे पड़े एचटी लाइन में आ रहे करेंट की चपेट में आने से तेज बहादुर गम्भीर रूप से झुलस गया। शोर सुनकर परिजन वहां पहुंचे तथा गम्भीर रूप झुलसे तेज बहादुर को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ ले कर आये, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक चार बहनों का इकलौता भाई था।

# नोटों की गड्डी, 40 दान पेटियां और 50 कर्मचारी

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी : कड़े पहरे में दूसरे दिन जांच शुरू

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी किरण एस. और विशेष सचिव वित्त नील रतन की तीन सदस्यीय एसआईटी सोमवार दोपहर 12 बजे अयोध्या पहुंची। इस टीम ने राम मंदिर ट्रस्ट की सिफारिश पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित होने के बाद मंदिर में चढ़ावा चोरी के आरोपों की जांच शुरू की। अधिकारियों ने दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक मंदिर परिसर और ट्रस्ट के कार्यालय में डेरा डाला। उन्होंने दान पेटियां खोलने की प्रक्रिया, कर्मचारियों की आवाजाही और बैंक में रकम जमा करने के बही-खातों का बारीकी से निरीक्षण किया। गौरतलब है कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी (SIT) की जांच का आज दूसरा दिन है। सोमवार को लगातार 8 घंटे की पड़ताल के बाद आज टीम दोबारा राम मंदिर ट्रस्ट जाकर जांच करेगी। पहले दिन एसआईटी ने चढ़ावा इकट्ठा होने से लेकर बैंक में जमा होने तक की पूरी प्रक्रिया और पिछले 1 साल के स्टाफ का ब्यौरा जुटाया था।



एसआईटी की टीम तीन अलग-अलग गाड़ियों से वीवीआईपी गेट के रास्ते मंदिर के अंदर दाखिल हुई। जांच टीम के पहुंचने से पहले ही एसबीआई के अधिकारियों की टीम ट्रस्ट के दफ्तर पहुंच चुकी थी। टीम ने सबसे पहले रामलला के दर्शन किए और फिर उन 40 दान पेटियों का मुआयना किया, जिनमें श्रद्धालु अपना चढ़ावा डालते हैं। अधिकारियों ने यह समझने की कोशिश की कि क्या दान पेटियों से सीधे नकदी निकालना संभव है, हालांकि इसकी संभावना काफी कम नजर आई।

### चढ़ावा गिनने की प्रक्रिया पर एसआईटी की नज़र

जांच का मुख्य केंद्र वह हॉल रहा जहां दान पेटियां खोली जाती हैं। यहां वाराणसी की एक निजी कंपनी के 24 कर्मचारी नोटों की गड्डियां बनाते हैं, जिन पर ट्रस्ट के 12 कर्मचारी निगरानी रखते हैं। इसके अलावा टीसीएस और एसबीआई के 14 कर्मचारी मिलकर नोटों की गिनती करते हैं। एसआईटी ने इन सभी कर्मचारियों के आने-जाने के समय का रजिस्टर, उनकी तलाशी की व्यवस्था और पिछले एक साल में नौकरी छोड़ने वाले कर्मियों का पूरा ब्यौरा खंगाला।

## राम मंदिर में गबन के आरोपों से साधु-संतों में आक्रोश

**प्रयागराज (एजेंसी/चिंगारी)।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में चढ़ावे की राशि में कथित गबन के मामले को लेकर साधु-संतों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के संरक्षक स्वामी महेशाश्रम महाराज ने ट्रस्ट को तत्काल भंग करने तथा इसके महासचिव चंपत राय को पद से हटाने की मांग की है। प्रयागराज में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वामी महेशाश्रम महाराज ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में चढ़ावे के सात करोड़ रुपये से अधिक के कथित गबन के मामले में राज्य सरकार द्वारा विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर जांच शुरू की गई है, लेकिन निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए ट्रस्ट के वर्तमान स्वरूप में बदलाव आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि महासचिव चंपत राय को पद से हटाए बिना और ट्रस्ट को भंग किए बिना एसआईटी की जांच पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं हो सकती। स्वामी महेशाश्रम महाराज ने कहा कि जांच एजेंसियों के लिए यह भी महत्वपूर्ण विषय है कि आखिर महासचिव के पूर्व चालक राम शंकर यादव उर्फ टिंटू यादव की चढ़ावे के खजाने तक पहुंच कैसे हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि राम शंकर यादव उर्फ टिंटू यादव के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति होने की भी जानकारी सामने आई है, जिसकी गहन जांच कराई जानी चाहिए।

## दीपके बोले-जयपुर में आरएसएस के लोगों ने हमला किया



"ऐसे हमले आगे भी हो सकते हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। हम गांधी और अंबेडकर के रास्ते पर चलते हैं। यह हमारा सत्याग्रह है और हम शांतिपूर्ण तरीके से इसे जारी रखेंगे।"

**अभिजीत दीपके**
फाउंडर, CJP

### जो उनके ख़िलाफ़, उसका यही अंजाम

**नागपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि जयपुर में उन पर हुए हमले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के लोगों का हाथ था। अभी दीपके नागपुर में हैं। उन्होंने कहा- 'जब भी कोई सरकार या उसकी विचारधारा के खिलाफ बोलता है, तो ऐसा ही होता है। इसमें कुछ नया नहीं है।' कल यानी 15 जून को कॉकरोच जनता पार्टी ने जयपुर में प्रदर्शन किया था। इस दौरान भीड़ में शामिल युवकों ने दीपके को थप्पड़ मारे थे। वहीं, सीजेपी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2 लाख फॉलोअर्स कम हो गए हैं। आज पार्टी के इंस्टाग्राम पर 2.25 करोड़ फॉलोअर्स हैं। 6 जून को दिल्ली में सीजेपी के पहले प्रदर्शन से पहले इंस्टाग्राम पर 2.21 करोड़ फॉलोअर्स थे। अगले दिन 7 जून को 24 घंटे के भीतर 2.27 करोड़ फॉलोअर्स हो गए थे। कॉकरोच जनता पार्टी नीट पेपर लीक, CBSE परीक्षा में गड़बड़ी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे को लेकर शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रही है। इसके लिए देशभर में प्रदर्शन कर रही है।

## वैभव, जरा संभलकर...

### भारतीय क्रिकेट को आपकी बल्लेबाजी चाहिए, झगड़ा नहीं



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** क्रिकेट में प्रतिभा आपको सुर्खियां दिलाती है, लेकिन चरित्र आपको महान बनाता है। वैभव सूर्यवंशी के पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। 15 साल की उम्र में उन्होंने जो कर दिखाया है, वह असाधारण है। मगर दांबुला में श्रीलंका-ए के खिलाफ मुकाबले के बाद जो दृश्य सामने आए, उन्होंने यह याद दिलाया कि भारतीय क्रिकेट के इस उभरते सितारे को अब सिर्फ रन बनाना ही नहीं, बल्कि भावनाओं को नियंत्रित करना भी सीखना होगा। यही वह कदम होगा जो उन्हें प्रतिभाशाली खिलाड़ी से महान खिलाड़ी की ओर ले जाएगा। दांबुला में सोमवार को इंडिया-ए और श्रीलंका-ए के बीच खेले गए मुकाबले के बाद जो तस्वीरें सामने आईं, उन्होंने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को थोड़ा परेशान जरूर किया होगा। सुपर ओवर में हार के बाद युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का श्रीलंकाई खिलाड़ियों के साथ उलझना, फिर धक्का-मुक्की जैसी स्थिति का बनना, ऐसी चीज है जिससे उन्हें हर हाल में बचना चाहिए। यह बात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वैभव कोई साधारण खिलाड़ी नहीं हैं। महज 15 साल की उम्र में उन्होंने जिस तरह भारतीय क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई है, उससे उन्हें भविष्य का बड़ा सितारा माना जा रहा है। ऐसे खिलाड़ियों पर सिर्फ रन बनाने की जिम्मेदारी नहीं होती, बल्कि अपने व्यवहार से भी उदाहरण पेश करने की जिम्मेदारी होती है।

#### हार का दर्द समझा जा सकता है, प्रतिक्रिया नहीं

क्रिकेट भावनाओं का खेल है। खासकर तब जब मुकाबला सुपर ओवर तक जाए और जीत-हार का फैसला आखिरी पलों में हो। ऐसे समय खिलाड़ियों का निराश होना स्वाभाविक है। कई बार विपक्षी खिलाड़ी कुछ कह देते हैं, कुछ तंज कस देते हैं या जीत का जोश जरूरत से ज्यादा दिखा देते हैं।

महान खिलाड़ियों की सबसे बड़ी पहचान सिर्फ उनकी प्रतिभा नहीं होती, बल्कि दबाव के क्षणों में उनका धैर्य भी होता है। मैदान पर उकसावे का जवाब बल्ले से देना हमेशा शब्दों या हाथों से जवाब देने से बेहतर माना जाता है।

#### दांबुला में मैच के बाद क्यों गरमाया माहौल?

**दांबुला में यह मुकाबला बेहद तनावपूर्ण माहौल में खत्म हुआ। मैच के दौरान ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच टेंशन साफ नजर आ रही थी। भारतीय खिलाड़ियों और श्रीलंकाई टीम के बीच कई मौकों पर तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली, जबकि अंपायर्स के फैसले को लेकर भी बहस की स्थिति बनी रही। मैच का नतीजा सुपर ओवर में निकला, जहां श्रीलंका-ए ने जीत दर्ज की। जीत के बाद मैदान पर माहौल और भी गर्म हो गया। कुछ खिलाड़ियों के बीच तंज और जवाबी टिप्पणियों का सिलसिला शुरू हो गया, जिससे तनाव और बढ़ गया। इसी दौरान एक ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने विवाद को बड़ा रूप दे दिया। एक श्रीलंकाई खिलाड़ी और वैभव सूर्यवंशी के बीच कहासुनी हुई और मामला अचानक बढ़ गया।**

# अमानगढ़ में वन्य जीवों का दीदार कर रोमांचित हो रहे पर्यटक

## प्राकृतिक सुंदरता भी लुभा रही पर्यटकों को



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** इस पर्यटन सत्र के अंतिम दिनों में अमानगढ़ में जंगल सफारी का आनंद लेते हुए वन्यजीवों को देख पर्यटक रोमांचित नज़र आ रहे हैं। गत दिवस 15 जून को हालांकि इस पर्यटन सत्र का अंतिम दिन होना था, परंतु शासन द्वारा पर्यटकों की बढ़ती रुचि के दृष्टिगत इस पर्यटन सत्र को 15 दिन और आगे बढ़ाते हुए अब 30 जून तक कर दिया है। सोमवार को भी यहां अनेक पर्यटकों ने जंगल सफारी का आनंद लिया और यहां की जैव विविधता, प्राकृतिक सुंदरता और अपने प्राकृतिक वास में रहते, घूमते वन्यजीवों को देख रोमांचित हो उठे। अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि जंगल सफारी कर वापस लौटते कई पर्यटकों ने यहां के मनमोहक दृश्यों की सराहना की और पुनः यहां आने की इच्छा जताई।

# कार्यकर्ता घर-घर जायें, कांग्रेस की नीतियां बतायें

## जिलाध्यक्ष हैनरीता ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक



**नहटौर ( चिंगारी )।** कांग्रेस पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव 'मिशन 2027' की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत रविवार को नगर अध्यक्ष जहांगीर स्वीट के मोहल्ला सादात स्थित आवास पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में 'हर बूथ करेंगे मजबूत' और 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होने के निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हेनरिता राजीव सिंह ने कहा कि हाईकमान के निर्देशानुसार मतदाताओं के लिए वोटर लिस्ट तैयार कर ली गई है। उन्होंने सभी बूथ कमेटी अध्यक्षों और पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर मतदाता सूची का वितरण करें। ताकि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को इसका सीधा लाभ मिल सके। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा वर्तमान सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों को सरकार की विफलताओं से अवगत कराएं और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाकर जनमानस को पार्टी से जोड़ने का काम करें। बैठक में संगठन की मजबूती और बूथ मैनेजमेंट पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर आर.के. सिंह, नगर अध्यक्ष जहांगीर स्वीट, संगठन प्रभारी हरिराज सिंह, परवेज आलम, अमित त्यागी, जावेद, रामपाल सिंह, महेश कुमार, हुकम सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुकेश कुमार, मीनाक्षी सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

# एआरटीओ कार्यालय में शुरू हुई हेल्प डेस्क, अब नहीं भटकेंगे फरियादी



## नवागत एआरटीओ महेश कुमार शर्मा की पहल, एक ही स्थान पर मिलेगी आवश्यक जानकारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** परिवहन विभाग से जुड़े कार्यों के लिए एआरटीओ कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। नवागत एआरटीओ महेश कुमार शर्मा ने आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्यालय परिसर में हेल्प डेस्क की स्थापना कराई है। इस पहल से कार्यालय में आने वाले लोगों को अपने कार्य से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी और समय की भी बचत होगी। एआरटीओ कार्यालय में प्रतिदिन ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, फिटनेस, परमिट, टैक्स जमा करने सहित विभिन्न कार्यों के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। पहले कार्यालय में आने वाले लोगों को यह जानकारी नहीं होती थी कि उनका काम किस कक्ष या किस कर्मचारी के माध्यम से होगा। ऐसे में उन्हें कई बार अलग-अलग कमरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे परेशानी के साथ-साथ समय भी बर्बाद होता था। इसी समस्या को देखते हुए एआरटीओ महेश कुमार शर्मा ने कार्यालय के प्रवेश द्वार के निकट हेल्प डेस्क स्थापित कराई है। हेल्प डेस्क पर एक कर्मचारी की स्थायी रूप से ड्यूटी लगाई गई है, जो कार्यालय आने वाले लोगों से उनके कार्य की जानकारी लेकर उन्हें संबंधित कक्ष और अधिकारी के पास भेजेगा। इससे लोगों को सही जानकारी एक ही स्थान पर मिल सकेगी। एआरटीओ महेश कुमार शर्मा ने बताया कि विभाग की प्राथमिकता आमजन को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना है। हेल्प डेस्क शुरू होने से लोगों को कार्यालय में भटकना नहीं पड़ेगा तथा उनके कार्यों का निस्तारण भी अधिक सुगमता से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जनसुविधाओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। कार्यालय आने वाले लोगों ने भी इस व्यवस्था का स्वागत करते हुए कहा कि हेल्प डेस्क शुरू होने से उन्हें काफी राहत मिलेगी और विभागीय कार्यों के लिए अनावश्यक भागदौड़ से छुटकारा मिलेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह व्यवस्था परिवहन विभाग और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी सहायक साबित होगी।

# सोमवती अमावस्या पर शर्बत पिलाया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति उत्तर प्रदेश की ओर से सोमवती अमावस्या पर तहसील पर छबील लगाकर तहसील में आने वाले लोगों व राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी, महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट, वीरेन्द्र कुमार शर्मा, डा. विनोद कुमार शर्मा, नन्द कुमार पांडेय, नन्द कुमार शर्मा, प्रशांत शर्मा, संदीप शर्मा, सुनील शर्मा, कपिल शर्मा, आशु शर्मा, संजीव शर्मा एडवोकेट,अजय शर्मा एडवोकेट, अनमोल शर्मा, शौर्य भारद्वाज, अतुल शर्मा, विक्की शर्मा, रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी, अर्चना शर्मा, डा. दिग्विजय शर्मा, राजीव शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# 6 दिवसीय समर कैंप का समापन



**अफजलगढ़( चिंगारी )।** संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में आयोजित 6 दिवसीय स्वैच्छिक समर कैंप एवं रचनात्मक शिविर का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। शिक्षक सुरेंद्र सिंह द्वारा आयोजित इस कैंप में बच्चों को विभिन्न ज्ञानवर्धक, रचनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियां कराई गईं। शिविर में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस सम्बन्ध में शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कैंप में कहानी वाचन एवं कहानी सुनाना, पुस्तक पठन, कविता पाठ, हारमोनियम वादन के माध्यम से अलंकारों का अभ्यास, समाचार पत्र पाठन, शतरंज, पर्यावरण स्वच्छता जागरूकता तथा औषधीय पौधों की उपयोगिता एवं संरक्षण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना आदि गतिविधियां प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

# नफीस जाफरी व जितेंद्र सागर बने बसपा मुस्लिम भाईचारा कमेटी के मंडल कोऑर्डिनेटर

**नूरपुर ( चिंगारी )।** राजनीतिक दलों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारियां तेज कर दी हैं। बहुजन समाज पार्टी ने नूरपुर निवासी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता नफीस जाफरी एडवोकेट और जितेंद्र कुमार सागर को पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के निर्देश पर मुस्लिम समाज को जोड़ने के लिए मुरादाबाद मंडल इंचार्ज बनाया है। नफीस जाफरी और जितेंद्र सागर ने कहा कि हम पर जो भरोसा बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो ने किया है, हम उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। इससे पहले ये दोनों नेता बूथ अध्यक्ष से लेकर विधानसभा सचिव, जिला सचिव, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी समेत अन्य पदों पर रह चुके हैं। जितेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष और नफीस जाफरी जिला उपाध्यक्ष समेत अन्य पदों पर भी रहे हैं। अब इन दोनों को मुस्लिम समाज को बहुजन समाज पार्टी से जोड़ने के लिए मुरादाबाद मंडल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष कविराज सिंह, मंडल इंचार्ज जाफर मलिक, मंडल इंचार्ज नाजिम अल्वी, नूरपुर विधानसभा अध्यक्ष बलवंत सिंह, नूरपुर विधानसभा प्रभारी काके सिंह रवि, इसरार नबी सैफी, प्रभारी परम सिंह प्रधान, मंडल कोऑर्डिनेटर देश बंधु उर्फ डैनी, मास्टर चरण सिंह नूरपुर महामंत्री, डॉक्टर एहतमाम अंसारी, नूरपुर विधानसभा उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, नूरपुर नगर अध्यक्ष हकीम असरार, सिराजुद्दीन उर्फ बीबू, सुमित कुमार, मुस्तकीम अहमद समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी है।





# राहगीरों को पिलाया दुग्ध-जल



**स्योहारा ( चिंगारी )।** हरिश्चंद्र वंशीय रस्तोगी सभा, स्योहारा द्वारा शिवाजी मार्केट में नागरिकों एवं राहगीरों के लिए शीतल दुग्ध जल (गुलाब युक्त) वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए हजारों की संख्या में नागरिकों ने शीतल दुग्ध जल का आनंद लिया तथा अपनी प्यास बुझाई।

कार्यक्रम में नगर महामंत्री अन्नू रस्तोगी, कोषाध्यक्ष तुषार रस्तोगी, विधि मंत्री अमित रस्तोगी, संगठन मंत्री वरुण रस्तोगी, संरक्षक मुकेश रस्तोगी, लव रस्तोगी, प्रचार मंत्री अमित रस्तोगी, निर्माण मंत्री तुषार रस्तोगी, संगठन मंत्री बिट्टू रस्तोगी, वैभव रस्तोगी, नमन रस्तोगी, मोहित रस्तोगी, रोहित रस्तोगी, शोभित रस्तोगी एवं डिंपल रस्तोगी सहित अनेक सदस्यों ने शीतल पेय वितरण में सक्रिय सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

# योग अपनायें, जीवन को सुखद बनायें!



योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए साकेन्द्र प्रताप, मौसम चौधरी व डीएम जसजीत कौर।



योगाभ्यास करते हुए अतिथि व अन्य व्यक्ति।

## योग सप्ताह का शुभारंभ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को जनपद में योग सप्ताह शुरू हुआ। जिला मुख्यालय पर इन्दिरा बाल भवन में जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एश्वर्य मौसम चौधरी ने योग सप्ताह का शुभारंभ किया। इसी के साथ जनपद के प्रत्येक तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालय तथा ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन्दिरा बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में योगाचार्य प्रशांत महर्षि ने प्रोटोकॉल के तहत उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। मुख्य अतिथि चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। एश्वर्य मौसम चौधरी ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने योग को मानव जीवन का उपहार बताया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विमल कुमार ने किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश कुमार सहित आयुष विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती, गोविंदा मॉर्निंग क्लब, गायत्री परिवार, आईएनओ तथा अन्य योग संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा।

## सोलर प्लांट से चलने वाले ट्यूबवैल का शुभारंभ

# पेयजल की समस्या होगी दूर सोलर से पानी मिलेगा भरपूर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में सोलर प्लांट से चलने वाला ट्यूबवैल संचालित किया गया है। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अब्दुल मन्नान व अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता ने फीता काटकर व स्टार्टर का बटन दबाकर सोमवार को ट्यूबवैल का उद्घाटन किया।

इस मौके पर चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि उनका मकसद नगर में रिकॉर्ड विकास कराना है जिसका उदाहरण यह सोलर प्लांट से चलने वाला ट्यूबवैल है, जो बिजनौर जनपद में संभवत: पहला ट्यूबवैल है। उन्होंने कहा कि नगर के मोहल्ला बुद्धपुरा, केनरा बैंक रोड, किला मोहल्ला आदि में पेयजल व्यवस्था की कोई समस्या नहीं रहेगी। मोतीचूर स्थित गौआश्रय स्थल में लग रहे पंखे तथा बड़े-बड़े वाटर कूलर भी सोलर प्लांट से चलेंगे। इसके अलावा मोहल्ला लोहारान में जामा मस्जिद के पास व मोहल्ला बुड्डी में भी सोलर प्लांट से चलने वाले ट्यूबवैल लगाए जाएंगे, जो नगर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जितनी सड़कें किरतपुर नगर पालिका परिषद द्वारा बनायी गई हैं, उतनी सड़कों का निर्माण पूरे जिले में किसी भी नगर पालिका में नहीं हुआ है। स्ट्रीट लाइटों से किरतपुर जगमगा रहा है तथा सफाई व्यवस्था पर पूरा ध्यान केंद्रित है। इस मौके पर बड़े बाबू हसन मुस्तफा, सभासद मोहम्मद शाकिब, कुणाल ठेकेदार, मुन्ना टाइगर, लालू, समाजसेवी मोहम्मद शादान, मोहम्मद साहिल आदि उपस्थित रहे।

# शराब की दुकान के सेल्समैन का शव पेड़ से लटका मिला

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** गृह क्लेश से तंग आकर देसी शराब के सेल्समैन ने पेड़ से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्राम रायपुर सादात के चौराहे के निकट शराब की दुकान है। दुकान पर सगे जीजा-साले सेल्समैन थे। सेल्समैन राम रईस पुत्र जगदीश यादव (50 वर्ष) निवासी ग्राम खेतुपुरा थाना जैथरा जिला एटा यूपी का रहने वाला था। राम रईस अपने जीजा दुर्वेश के साथ देसी शराब की दुकान पर सेल्समैन का कार्य करता था। बताया जाता है कि राम रईस ने पूरे दिन शराब की बिक्री की, उसके बाद दुकान बंद करने के बाद उसने खूब शराब पी और बाद में दुकान के पीछे आम के बाग में जाकर एक पेड़ से लटककर फांसी के फंदे पर झूल गया। जब वह काफी देर तक नहीं वापस आया तो दुर्वेश ने दुकान के पीछे आम के बाग में जाकर उसको तलाश किया तो उसका शव उसे एक पेड़ से लटका हुआ मिला। बताया जाता है राम रईस का अपने परिवार में झगड़ा चल रहा था। वह घरेलू कलह के कारण परेशान रहता था। घटना की सूचना नगीना देहात पुलिस को दी गई। आनन-फानन में पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और राम रईस के शव को पेड़ से उतरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर योजनाओं की जानकारी दी



## अनेक विभागों के स्टाल लगाए गए

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को कासमपुर गढ़ी स्थित ब्लॉक परिसर में बीडीओ मनवीर सिंह की अध्यक्षता व एडीओ (पंचायत) ललित प्रताप सिंह के संचालन में विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार ने किया। ब्लॉक प्रमुख ने केंद्र सरकार की 12 वर्ष की उपलब्धियां गिनाईं, जबकि बीडीओ मनवीर सिंह ने अनेक विभागों की योजनाओं में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कई विभागों के सुसज्जित स्टॉल लगाकर उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के प्रति जागरूक किया गया और चयनित लाभार्थियों को लाभान्वित करने सहित सराहनीय कार्यों के लिए ग्राम प्रधान अजीमुल्ला नगर कैलाशचंद एवं ग्राम प्रधान तुरतपुर सुरेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री जयवीर पंचवाल, भाजपा (कि.मो.) के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, भाजपा (अ.मो.) के जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान, भाजपा नेता संजीव गहलोत, इंचार्ज सीडीपीओ अनीता चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# तेलंगाना पुलिस ने सर्राफ से चोरी के आभूषण बरामद किये

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** तेलंगाना राज्य की पुलिस ने एक सुनार की दुकान पर छापा मारा। तेलंगाना के जनपद रंगारेड्डी के थाना शाहाबाद से इंस्पेक्टर उपेंद्र, दरोगा रमेश एवं कांस्टेबल अनिल की टीम एक आरोपी को साथ लेकर कोतवाली देहात व हिंदू कॉलोनी स्थित एक सर्राफा कारोबारी के यहां पहुंचकर पूछताछ की तथा सर्राफ को हिरासत में लेकर खरीदा गया कुछ सोना बरामद किया। तेलंगाना पुलिस अपने साथ थाना नगीना देहात क्षेत्र के गांव कोटकादर, निवासी सचिन को लेकर आया। मामले की जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाईं। सचिन द्वारा कथित रूप से सोने के आभूषण कोतवाली देहात में अभिषेक को बेचे गये थे। पुलिस ने अभिषेक की दुकान से चोरी के आभूषण बरामद कर अभिषेक को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जमानत पर छोड़ दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है तथा सोने-चांदी के कारोबार से जुड़े लेन-देन पर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में कुछ ऐसे सर्राफा कारोबारी हैं जो पिछले कुछ वर्षों में तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। ऐसे मामलों में संबंधित कारोबारियों की आय, संपत्ति, बैंक खातों, कर अभिलेखों एवं सोने-चांदी के लेन-देन की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

# गौवंश की दुर्दशा की उच्च स्तरीय जांच की मांग

## महामंडलेश्वर के नेतृत्व में डीएम को ज्ञापन दिया

## गौशाला प्रबंधक ने आरोपों को बेबुनियाद बताया



डीएम को ज्ञापन देने जाते हुए गौसेवक।



घायल गौमाता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आदिशक्ति गौरक्षा अखाड़ा के महामंडलेश्वर दीप नारायण दास महाराज ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बैराज रोड स्थित गौशाला में गौवंश की कथित दुर्दशा पर रोष व्यक्त करते हुए उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है।

महामंडलेश्वर ने ज्ञापन में बताया कि गत 14 जून को वह अपने साथियों तथा गौसेवकों के साथ उक्त गौशाला में गौमाता के दर्शन एवं भोजन कराने हेतु गये थे लेकिन वहां गौवंश की हालत देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ। कई गौवंश गंभीर स्थिति में पड़े मिले। हमारे सामने ही एक गौवंश के प्राण निकल गये। एक गौमाता गंभीर रूप से बीमार अवस्था में तड़प रही थी तथा उनको कौवे नोंच रहे थे। गौशाला की हालत देखकर प्रतीत हुआ कि वहां गौवंश की देखभाल ठीक ढंग से नहीं हो रही। एक गौमाता के पैर में गहरा जख्म था, जिसमें कीड़े साफ नजर आ रहे थे।

ज्ञापन में जिलाधिकारी से उच्च स्तरीय जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई। महामंडलेश्वर के साथ नरेन्द्र कुमार मारवाड़ी, नवीन गर्ग, शुभम राजपूत, प्रतीक, वर्षा गौड़, जयकुमार, मीना, अंश, आकाश, हर्ष, अभिषेक आदि रहे। उधर, गौशाला की प्रबंधक श्रीमती विनोद सिंह ने महामंडलेश्वर और उनकी टीम के आरोपों को बेबुनियाद बताया। उनका कहना है कि इससे पहले भी कई बार गौशाला को बदनाम करने की कोशिश की गई है।

# ट्रैक्टरों से चिंतन शिविर में पहुंचे सैकड़ों किसान



चिंतन शिविर में जाने के लिये एकत्रित हुए भाकियू कार्यकर्ता

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाकियू (टिकैत) के हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय चिंतन शिविर में सैकड़ों भाकियू कार्यकर्ता ट्रैक्टरों से पहुंचकर शामिल हुए। हरिद्वार में भाकियू (टिकैत) का चिंतन शिविर कल से शुरू हो चुका है, जो 18 जून तक चलेगा। चिंतन शिविर में किसानों के राष्ट्रव्यापी मुद्दों पर चर्चा होगी तथा आगामी आंदोलनों की रणनीति तैयार की जायेगी। भाकियू के शीर्ष नेतृत्व सहित देशभर के पदाधिकारी इसमें शामिल होंगे। चिंतन शिविर में शामिल होने के लिये काफी संख्या में भाकियू कार्यकर्ता आज ट्रैक्टरों से हरिद्वार पहुंचे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव दिनेश कुमार के नेतृत्व में जिला महासचिव नरदेव सिंह, संदीप कुमार, मोहित कुमार, मुकेश कुमार, अमरीश देशवाल, धर्मेंद्र सिंह, मलखान सिंह, सुरेश कुमार, अंकुर देशवाल, तुषार अहलावत, रणधीर सिंह सहित सैकड़ों किसान ट्रैक्टरों से हरिद्वार चिंतन शिविर में पहुंचे।

# नाले की कर रहे थे सफाई, दुकानदार ने की हाथापाई

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सफाईकर्मियों ने एक व्यक्ति पर नाला सफाई कार्य में बाधा डालने, अभद्र व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला बाल्मीकि बस्ती निवासी कामेन्द्र पुत्र राजेन्द्र सहित नीरज, प्रमोद, पवन, अनिल और नितिन ने थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि सोमवार को वे बस स्टैंड के निकट नाला सफाई का कार्य कर रहे थे। आरोप है कि सफाई के दौरान नाले पर रखे पट्ट हटने पर एक साइकिल दुकानदार नदीम पुत्र इरशाद ने उनके साथ गाली-गलौज की और हाथापाई करते हुए सफाई कार्य में बाधा उत्पन्न की। सफाईकर्मियों का आरोप है कि उक्त व्यक्ति नदीम ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग भी किया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर में यह भी कहा गया है कि आरोपी ने स्वयं को प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए किसी प्रकार की कार्रवाई न होने की बात कही। पीड़ित सफाईकर्मियों ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया की रिपोर्ट दर्ज हो गई है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# दुष्कर्म के मामले में मुजरिम को 10 वर्ष का कारावास



**बिजनौर ( चिंगारी )।** करीब 22 साल पहले युवती को सतत शिक्षा केंद्र में सिलाई कढ़ाई के काम पर रख कर पैसे दिलाने के बहाने बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने और फिर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अपर जिला जज कमलदीप ने हीमपुर के सुरेश कुमार उर्फ सुरेंद्र को दोषी पाकर 10 साल की सजा सुनाई। एडीजीसी मुकुल राठौर ने बताया कि हीमपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कोर्ट द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें बताया कि वह गरीब मजदूर पेशा व्यक्ति है। हीमपुर दीपा के सुरेश कुमार उर्फ सुरेंद्र पुत्र नथवा ने उसकी लड़की को सतत शिक्षा केंद्र में सहयोग हेतु रख लिया। 16 अगस्त 2004 को आरोपी उसके घर आया और बहका सिखाकर कर पीड़िता को अपने साथ ले गया और यह बहाना बनाया कि इसके काम के पैसे भुगतान कराने हैं। बहकावे में आकर उसने अपनी लड़की और छोटे लड़के अनिल को आरोपी के साथ भेज दिया। शाम को वापस घर आकर लड़के अनिल ने बताया कि आरोपी उसकी पुत्री को कहीं ले गया है। पिता ने लड़की की काफी छानबीन की लेकिन लड़की का कहीं अता-पता नहीं चला। पीड़ित पिता ने इसकी सूचना थाने पर दी। रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर अदालत से मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तफ्तीश करते हुए लड़की को बरामद कर मजिस्ट्रेट के समक्ष उसके बयान कराये जिसमें पीड़िता ने आपबीती बताई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अपने बयानों में बताया कि आरोपी बहला फुसलाकर ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। अदालत ने पेश सबूतों के आधार पर आरोपी को दोषी पाकर सजा सुनाई।

# नूरी व तबस्सुम की जमानत अर्ज़ी ख़ारिज

**बिजनौर ( चिंगारी )। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने स्मैक बेचने वाली बहनों की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। विशेष लोक अभियोजक रीतेश कुमार के अनुसार कोतवाली शहर थाना में तैनात दरोगा अंकुर पाल 6जून 2026 को पुलिस बल के साथ गश्त पर थे,तभी उन्हें सूचना मिली कि चांदपुर चुंगी पर दो महिलाएं स्मैक बेचने का कार्य कर रही हैं। पुलिस ने मोहल्ला मिर्दगान में बिलाल वाली मस्जिद के पास महिलाओं को भागने का मौका दिये बगैर दबिश देकर पकड़ लिया। पकड़ी गई एक महिला ने अपना नाम रहनुमा उर्फ़ नूरी पुत्री फरीद और दूसरी महिला ने अपना नाम तबस्सुम पुत्री फरीद बताया। इनके पास से बरामद हुई स्मैक की कीमत कुल 88950 रुपए थी। इस मामले में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने गंभीर प्रकृति का अपराध होने पर रहनुमा उर्फ़ नूरी तथा तबस्सुम की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।**

# गैंगस्टर आरिफ़ को चार साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश अलका चौधरी की अदालत ने आरोपी आरिफ को दोषी करार देते हुए चार वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। धामपुर थाने के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप गौतम ने सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि किरारखेड़ी निवासी आरिफ पुत्र फारूक शेख, स्योहारा क्षेत्र के गल्लाखेड़ी निवासी शमीम पुत्र इब्राहिम तथा मुकरपुरी निवासी शमीम पुत्र अली हसन ने एक संगठित गिरोह बना रखा था, जिसका सरगना आरिफ था। अभियोजन के अनुसार गिरोह के सदस्य क्षेत्र में चोरी, लूट और डकैती जैसी गंभीर वारदातों को अंजाम देते थे। इनके आतंक के कारण क्षेत्र के लोग इनके खिलाफ गवाही देने से भी कतराते थे। आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। डीएम के अनुमोदन के बाद तैयार गैंग चार्ट के आधार पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेजा था। सुनवाई के दौरान अदालत ने शमीम पुत्र इब्राहिम और शमीम पुत्र अली हसन की पत्रावली अलग कर दी और आरिफ के मामले की सुनवाई पूरी करते हुए उसे गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाया। इसके बाद अदालत ने आरिफ को चार वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

# दुष्कर्म के आरोपी मोनू की ज़मानत अर्ज़ी ख़ारिज़

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) सुनील कुमार सिंह ने दलित महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले मोनू अहमद की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। विशेष लोक अभियोजक शलभ शर्मा के अनुसार नूरपुर थानांतर्गत ग्राम ढेला निवासी एक दलित महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 18 मई 2026 को उसके पति प्रधान के खेत में पानी चला रहा था। देर होने पर वह अपने पति को देखने रात्रि करीब 11 बजे चली गई थी, पीछे से मोनू अहमद पुत्र शाहिद निवासी ग्राम ढेला अहीर थाना नूरपुर ने आकर उसे पकड़ लिया तथा ईख के खेत में ले गया और बलात्कार किया, उसके पति के आने पर वह भाग गया। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने गंभीर प्रकृति का अपराध होने और जमानत का आधार न होने के कारण मोनू अहमद की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।

# ई-पंजीकरण रजिस्ट्री योजना के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन






## जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन के दोनों गुटों ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपे अलग-अलग ज्ञापन

बिजनौर (चिंगारी)। ई-पंजीकरण मॉड्यूल रजिस्ट्री योजना वापस लेने की मांग को लेकर जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन के दोनों गुटों ने सोमवार को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित अलग-अलग ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपे। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि योजना लागू की गई तो इससे अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टांप विक्रेताओं के रोजगार पर गंभीर असर पड़ेगा। बिजनौर में जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन के दो गुट हैं। दोनों गुटों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-पंजीकरण मॉड्यूल रजिस्ट्री व्यवस्था का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया और योजना को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग उठाई।

ज्ञापनों में कहा गया कि शासन के पत्रांक संख्या 2325/ई-0 पंजीकरण/ शिकाकालखण्ड/ 2026 दिनांक 4 जून 2026 के तहत ई-पंजीकरण मॉड्यूल रजिस्ट्री व्यवस्था लागू किए जाने का प्रस्ताव है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि इस व्यवस्था से दस्तावेज लेखन एवं पंजीकरण से जुड़े पारंपरिक कार्य प्रभावित होंगे, जिससे बड़ी संख्या में अधिवक्ता, दस्तावेज लेखक और स्टांप विक्रेता बेरोजगार हो सकते हैं।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि रजिस्ट्री से संबंधित दस्तावेजों में आम जनता की निजी और गोपनीय जानकारियां होती हैं, जिनकी सुरक्षा वर्तमान में उप-पंजीयक कार्यालयों में सुनिश्चित रहती है। यदि यह कार्य निजी संस्थाओं के माध्यम से कराया जाता है तो गोपनीयता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। दोनों गुटों ने सरकार से जनहित एवं अधिवक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए ई-पंजीकरण मॉड्यूल रजिस्ट्री योजना को समाप्त करने की मांग की है। एक गुट के अधिवक्ताओं का नेतृत्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, हेमेंद्र कुमार, सोमपाल सिंह, पवन कुमार, सुनील कुमार पाल, दीक्षित देशवाल, अब्दुल्ला बिन तारिक, शेर सिंह, विनय कुमार, गौरव भारद्वाज, रविंद्र सिंह व अजीत सिंह आदि ने किया, जबकि दूसरे गुट का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अरविंद चौधरी, तौकीरुद्दीन, कुलदीप सिंह, नसीम अहमद, अक्षय शर्मा, दलजीत कौर, सुरेश कुमार, गौरव गुप्ता, पवन कुमार, मो. अरशद, दुष्यंत कुमार व राजीव राजपूत आदि ने किया।

## तेज रफ्तार आर्टिका की टक्कर से ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल



बिजनौर (चिंगारी)। मीरापुर बाईपास स्थित मुक्ति धाम मंदिर के पास मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार आर्टिका कार की टक्कर से ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत तीन लोग घायल हो गए, जिनमें चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजनौर के समीपवर्ती ग्राम नवलपुर बैराज निवासी शुभम कुमार अपने ई-रिक्शा से गांव के उदल सिंह और विष्णु को सब्जी लेकर मीरापुर सब्जी मंडी जा रहे थे। सुबह करीब 5 बजे जब उनका ई-रिक्शा मीरापुर बाईपास पर मुक्ति धाम मंदिर के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही आर्टिका कार (नंबर च15ञ-1688) ने कथित रूप से ई-रिक्शा में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चालक शुभम कुमार को गंभीर चोटें आईं, जबकि उदल सिंह के सिर तथा विष्णु के हाथ, पैर और आंख में चोट लगी। घायलों को तत्काल सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल शुभम कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनका उपचार जारी है। घटना के संबंध में घायल चालक की पत्नी भावना ने थाना मीरापुर में तहरीर देकर कार चालक एवं वाहन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 9 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार

बिजनौर (चिंगारी)। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक ग्राम में एक 9 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता की तहरीर के अनुसार, उनकी बेटी को कल शाम करीब 4 बजे गांव के ही रियाज (35 वर्ष) पुत्र कौसर ने दुकान से बीड़ी का बंडल लेने के लिये भेजा। बच्ची जब दुकान से लौटी तो रियाज उसे पैसे और टॉफी देने के बहाने अपने घर ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह बच्ची को वहीं बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गया।

उधर, बच्ची जब काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों तो चिंता हुई। खोजबीन करने पर पता चला कि बच्ची को रियाज के साथ देखा गया था। बच्ची उसी के घर में बेहोशी की हालत में पड़ी मिली। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात थानाध्यक्ष विकास कुमार और पुलिस उपाधीक्षक नगीना पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया।

थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी रियाज के खिलाफ पोक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया। आरोपी को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित बालिका जिला अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### नशे और जुए का आदी है रियाज

**ग्रामीण के अनुसार आरोपी रियाज नशे का आदी है, साथ ही जुआ भी खेलता है। इसी कारण उसकी पत्नी अपनी दो बच्चियों के साथ उसे छोड़कर चली गई थी। रियाज के पिता की मौत काफी पहले हो गई थी। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।**

## खुर्शीद मंसूरी ने विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में क्रिकेट मैच के समापन समारोह में शामिल होकर विजेता टीम लक्सर एवं उपविजेता टीम गोपालपुर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों के उत्साह, मेहनत व खेल भावना ने इस पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में अनुशासन, एकता व सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से खिलाड़ियों की प्रतिभा का विकास होता है। इस मौके पर आयोजन समिति के काफी पदाधिकारी व मेम्बर मौजूद रहे।

## डॉ. शिल्पी ने किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शिल्पी सिंह पैथोलॉजी डिस्ट्रिक हॉस्पिटल बिजनौर एवं कॉलेज के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अभिनव सिंह, श्वेता सिंह आदि मौजूद रहे।



# विवाहिता की मौत के मामले में पति व ससुर गिरफ्तार



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम काजीपुरा में फांसी के फंदे पर लटककर हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पति और ससुर को जेल भेज दिया।

बता दें कि ग्राम काजीपुरा निवासी अनिल पुत्र करणपाल की पत्नी मोनिका की गृह क्लेश के चलते शनिवार की प्रात: कमरे में फंदे पर लटककर मौत हो गयी थी। मृतका मोनिका के पिता हरिराज ने अपने दामाद अनिल तथा अवनीश पुत्रगण करनपाल, करनपाल पुत्र गनेशी, राजेंद्र पुत्र गनेशी, नितिन पुत्र राजेंद्र, पितम पुत्र गनेशी, गोलू पुत्र पितम, अवनीश कुमार पुत्र करणपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पति अनिल व ससुर करनपाल को गिरफ्तार करके उनका चालान कर दिया।

## एक माह से लापता है अखेड़ा का सोनू

**नहटौर ( चिंगारी )।** एक माह पहले लापता हुए व्यक्ति का आज तक कोई सुराग नहीं चला है। जिससे परिजन काफी परेशान है। ग्राम बालापुर अखेड़ा निवासी सोनू (40 वर्ष) पुत्र हरि सिंह पास के ही गांव में नौकरी करता था, जहां से वह 15 मई को अचानक लापता हो गया। जिसे परिजनों द्वारा काफी संभावित स्थानों पर तलाशा गया लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने बताया कि मामले में गुमशुदगी की दर्ज की गई है।



# सैकड़ों किसान हरिद्वार रवाना

**नहटौर ( चिंगारी )।** हरिद्वार में भारतीय किसान यूनियन के तीन दिवसीय चिंतन शिविर में नहटौर ब्लाक से पूर्व जिला सचिव चौधरी जगत सिंह डबास, पूर्व जिला उपाध्यक्ष चौधरी सुजीव कुमार की अगुवाई में सैकड़ों किसान ट्रैक्टरों से रवाना हुए। जिन्हें जगत सिंह व सुजीव चौधरी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत ने किसानों की मीटिंग के लिये हरिदार में लाल कोठी और स्नान करने के लिये वी आई पी घाट खुलवाने के लिये सरकार से मशक्कत की थी। तभी से लगातार हर वर्ष जून की 16,17,18 को तीन दिवसीय शिविर लगता चला आ रहा है। देश के कोने कोने से किसान पहुंचते हैं। जिनके खाने पीने की जिम्मेदारी पास के जिला बिजनौर, मुजफ्फरनगर हरिद्वार, मेरठ आदि वहां पर भण्डारा चलाते है। शिविर में जाने वालों में अशोक सैनी, तहसील महासचिव शीशपाल सिंह, नरेन्द्र सैनी, शिवनाथ सिंह, सुमित कुमार, आदेश कुमार, आलोक डबास, कालू डबास, सोनू सैनी, अरनव चौधरी, रितिक कुमार, विवेक कुमार, निशू त्यागी, शौर्य त्यागी, शगुन सैनी, अंकित कुमार आदि रहे।

# दबंगों ने ट्रक ड्राइवर के साथ मारपीट की



घायल ड्राइवर

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोमवार की देर रात धामपुर शुगर मिल में आधा दर्जन दबंग युवकों ने हमला कर ट्रक ड्राइवर को घायल कर दिया, जिसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पक्का बाग निवासी नफीस अहमद सोमवार की देर रात धामपुर शुगर मिल ट्रक लेकर गए थे। बताया जाता है कि इस दौरान उनकी शाह आलम और उसके साथियों से नोक झोक हो गई। आरोप है कि शाह आलम और उसके साथियों ने नफीस को मारपीट कर घायल कर दिया। रानी बाग पुलिस चौकी पर तैनात दरोगा प्रदीप कुमार ने बताया कि नफीस अहमद शराब के नशे में था। इसी दौरान उसका झगड़ा हो गया। घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया।

# हादरपुर में हुई किसान गोष्ठी

**पीली चौकी ( चिंगारी )।** ब्लाक के ग्राम हादरपुर में ग्राम पंचायत सहायक अमित कुमार की देखरेख में गोपाल सिंह की बैठक पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन कृषि विभाग से आये विनित तोमर ने किया। उन्होंने बताया कि किसानों को खेती विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत करनी है। कृषक चौपाल में आये कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के. सिंह ने खेत बचाओ अभियान व प्राकृतिक खाद बनाना और उसको खेती में प्रयोग करने के विषय में ध्यान दिलाया। प्राकृतिक खाद से उत्पन्न फसलें स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होती है और फसलें भी खराब नहीं होती है। विशेष रूप से जमीन उपजाऊ बनी रहती है। खेतों को प्राकृतिक खाद लगाने पर सिंचाई की आवश्यकता भी कम हो जाती है।



# गुरुशरण मोहन को सरोपा भेंट किया



सरदार गुरु शरण मोहन को सम्मानित करते हुए सिख संगत।

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा ने सरदार गुरुशरण सिंह मोहन को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर सरोपा भेंट करके सम्मानित किया। गुरुद्वारा के दीवान हाल में संग्रांद पर्व का शुभारंभ गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, स्त्री सत्संग सभा की वरिष्ठ सदस्य बीबी जसपाल कौर, सरदार जसप्रीत सिंह एडवोकेट बीबी शैलप्रीत कौर के संयोजन में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक अरदास तथा लंगर से किया गया।

# गायन कला में पारंगत 7 वर्षीय रूद्राक्ष दीप शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा ने किया सम्मानित

**धामपुर ( चिंगारी )।** पंजाब के जालंधर निवासी संगीतज्ञ नरेंद्र सिंह से ऑनलाइन संगीत की शिक्षा प्राप्त करके गायन कला में महारथ हासिल करने वाले धामपुर के मात्र 7 वर्षीय रुद्राक्ष दीप शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रुद्राक्ष दीप शर्मा को अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट, डॉक्टर जितेंद्र कौशिक, आचार्य पंडित पवन कौशिक, आचार्य पंडित परितोष शास्त्री, नवचेतन शर्मा, विवेक शर्मा मोनू आदि ने सम्मान पत्र भेंट करके, शाल ओढ़ाकर और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का चित्र अंकित पटका पहना कर सम्मानित किया।



बाल कलाकार को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

इस दौरान रुद्राक्ष दीप शर्मा ने बताया कि उन्हें संगीत विरासत में प्राप्त हुआ है और वह सभी उपलब्धियों का श्रेय अपने दादा कुलदीप शर्मा तथा दादी बाला देवी शर्मा के अलावा अपने पिता मोहित शर्मा और माता अंशु रानी शर्मा को देना चाहेंगे।

उधर दीप म्यूजिकल एवं जागरण पार्टी के संस्थापक कुलदीप शर्मा ने बताया कि उनके पौत्र रुद्राक्ष दीप शर्मा ने पंजाब के जालंधर निवासी संगीतज्ञ नरेंद्र सिंह से ऑनलाइन संगीत शिक्षा प्राप्त करते हुए मात्र 5 वर्ष की आयु में ही टी–सीरीज का ऑडिशन क्लियर कर लिया था और वर्तमान में रुद्राक्ष दीप शर्मा की संगीत में सुपरस्टार सिंगर सीजन 4 की तैयारी चल रही है और बहुत जल्दी रुद्राक्ष दीप शर्मा टेलीविजन के परदे पर दिखाई देंगे।

# गृह क्लेश व शक में पति ने पत्नी को गोली से उड़ाया

## हत्यारोपी पति गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त बंदूक बरामद

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में गृह क्लेश व शक के चलते पति ने अपनी पत्नी को गोली मार दी, जिससे महिला लहुलुहान होकर गिर पड़ी तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को मंडावली क्षेत्र ग्राम मुस्सेपुर निवासी पुष्पेंद्र सिंह पुत्र प्रभु सिंह ने अपनी 45 वर्षीय पत्नी मीनू की गोली मारकर हत्या कर दी। उसकी पहली पत्नी की 14 वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। पहली पत्नी के दो बेटे व दो बेटियां है, जिनकी शादी हो चुकी है। सन 2005 में थाना मंडावर क्षेत्र के खानपुर माधो निवासी राम सिंह की पुत्री मीनू से उसने दूसरी शादी की थी। मीनू शादीशुदा थी, उसका एक बेटा सोनू उसके साथ आया था। पिछले चार पांच महीनों से मीनू हरिद्वार मे रहकर काम



कर रही थी। रविवार की शाम को मीनू अपने घर मुस्सेपुर पहुंची, इसी बीच पुष्पेंद्र व मीनू में कहासुनी हुई। मीनू के पिता राम सिंह ने भी उनके घर पहुंचकर दोनों को समझाया। उनके जाने के बाद दोनों में फिर कहासुनी हो गई, बात यहां तक बढ़ गयी की पुष्पेंद्र ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से अपनी पत्नी मीनू को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार दोनों आपस में लड़ते झगड़ते रहते थे, जिसके कारण घर में गृह कलेश रहता था। सूचना पर एसपी सिटी कृष्ण गोपाल, सीओ आकांक्षा गौतम, थानाप्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसएसआई योगेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पुष्पेंद्र सिंह की पुत्र वधु से घटना के सम्बन्ध में जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के पति पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त बंदूक बरामद कर ली। पुलिस ने मृतक महिला के शव को पीएम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पहुंचकर जांच की। पुलिस ने मृतक महिला मीनू के पिता राम सिंह की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बड़ौत के टैंट व्यापारी व उनके पुत्र की हत्या पर रोष जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के युवा जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने बागपत के बड़ौत में दुकान में घुसकर दिनदहाड़े टैंट व्यापारी सोहनलाल अग्रवाल व उनके इकलौते पुत्र विकास अग्रवाल की गोली मारकर हत्या की घटना पर रोष जताया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से इस घटनाक्रम के वांछित सभी अपराधियों को जल्द से जल्द पकड कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की। जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाए जाने की भी मांग की।

## रजत पदक हासिल करने वाले तनिष्क कुमार को सम्मानित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। अनुसूचित जाति/जनजाति महासंघ अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने जलालाबाद के मौहल्ला गौतम नगर निवासी डॉ. रमेश सिंह पूर्व नामित सभासद व बसपा के नगर महासचिव के पुत्र तनिष्क कुमार के अंतराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में रजत पदक व द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उसे प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए हर्ष व्यक्त किया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/जनजाति जन जागृति महासंघ के जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा होनहार तनिष्क कुमार ने 14 वर्ष की आयु में नेपाल-भारत के बीच अंतराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करके देश व समाज व अपने माता पिता का रोशन किया है जिसके लिए वह बधाई का पात्र है, उसे भविष्य में खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बच्चा आगे बढ़े संगठन उसकी पूरी मदद करेगा। बसपा के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र कुमार रवि ने कहा कि खेल के क्षेत्र में समाज के बच्चों को आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में योगेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जन जागृति महासंघ, सभासद निर्देश देवी, नामित सभासद अजय कुमार, मकेश कुमार, मास्टर केवल सिंह, रामरक्षपाल, उमेश कुमारी, रमेश सिंह, मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह, नवनीत आर्य, वीर सिंह, कुलदीप कुमार, जीतू ठेकेदार, आायुष, आं ?चल रानी, साक्षी आदि उपस्थित रहे।

## छोटे शहरों में ऑनलाइन व्यापार बंद होना चाहिए: संजीव अग्रवाल




नजीबाबाद (चिंगारी)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने कहा है कि छोटे शहरों में ऑनलाइन व्यापार बंद होना चाहिए। ऑनलाइन व्यापार पर केंद्र में प्रदेश सरकार नीति बनाएं। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों में ऑनलाइन बिजनेस की बाढ़ आ गई है। उन्होंने ऑनलाइन बिजनेस का कड़ा विरोध करते हुए सरकार से कानून बनाकर इस पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने खाद्य अधिकारियों द्वारा छोटी किराने की दुकानों पर सैंपल भरने का भी कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि सैंपल की कार्रवाई सीधे तौर पर मैन्युफैक्चर के यहां होनी चाहिए। अधिकारी सैंपल के नाम पर मध्यम वर्ग के व्यापारी का उत्पीड़न करते हैं। प्रदेश सरकार को जिला स्तर पर लैब खोलनी चाहिए। जिससे व्यापारी खुद अपना सामान भी चेक करा सके। उन्होंने जल्द से जल्द प्रदेश के अंदर व्यापारी कल्याण बोर्ड की स्थापना करने की भी मांग रखी।

## साहनपुर की जनता को नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने दिया तोहफा

### एक करोड़ की लागत से बनेगी 1700 मीटर नई रोड

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने कस्बा में एक ऐतिहासिक कार्य (1700 मीटर सड़क, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से चिड़ियापुर समीपुर मार्ग की ओर तक) के निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया। साहनपुरवासी पिछले काफ़ी समय से इस मार्ग को बनवाने की मांग कर रहे थे, जिसे पिछले दिनों नजीबाबाद विधायक ने बनवाने की घोषणा की थी। विधायक ने अपनी घोषणा के अनुसार इस मार्ग का सोमवार को



मौके पर पहुंचकर काम शुरू करवाया। इस मौके पर साहनपुर की जनता ने विधायक हाजी तसलीम अहमद का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही उनके द्वारा कराए गए इस ऐतिहासिक कार्य के लिए उनका धन्यवाद किया। इस मार्ग के निर्माण से साहनपुर सहित आसपास के गांवों के किसानों को काफ़ी लाभ मिलेगा। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मार्ग के बनने से साहनपुर के किसान काफ़ी ख़ुश नजर आए। इस अवसर पर आरिफ़ मलिक, नगर अध्यक्ष शाहनवाज, शेख़ अंजार, शकील एडवोकेट, वकील मलिक, ताहिर ठेकेदार, फ़ुरकान राईन, फ़य्याज़ राईन, शहजाद, एहसान मंसूरी, शाकिर डिश वाले, शादाब अहमद, वरुण चौधरी एडवोकेट, माजिद अंसारी, इरफ़ान प्रधान, शाहबुद्दीन प्रधान, नवाब एडवोकेट, उमर प्रधान, ज़ाहिद अंसारी प्रधान, अरमान सैफ़ी, सूफ़ियान सैफ़ी, अशरफ़ खान आदि उपस्थित रहे।

## लवी ने उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य को पटका पहनाकर सम्मानित किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता के वरिष्ठ नेता शुभम उर्फ लवी अग्रवाल ने मुरादाबाद सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से एक खास मुलाकात कर उन्हें नजीबाबाद आने के लिए आमंत्रित किया। लवी अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पटका पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 2027 में भाजपा की आंधी है। नजीबाबाद विधानसभा भी जीत रहे हैं। इस मौके पर दिनेश खन्ना, विनोद राठौर, शिवम अग्रवाल, दिलीप गांधी, राहुल वर्मा, डॉ. केएम राठौर आदि मौजूद रहे।

# कोटद्वार से जंगल सफारी शुरू की जाये - ऋतु खण्डूडी

## वन एवं पर्यावरण मंत्री आये कोटद्वार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल के कोटद्वार आगमन पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पाखरौ का दौरा करने के साथ ही बेस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल एवं प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने संयुक्त रूप से सोविनियर शाप्स एंड स्टडी सेंटर का उद्घाटन किया। प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूडी भूषण ने कैबिनेट मंत्री के समक्ष कोटद्वार क्षेत्र से जुड़ी वन विभाग संबंधी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि कोटद्वार का वन क्षेत्र पर्यटन एवं रोजगार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसके समुचित विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से कोटद्वार से जंगल सफारी को शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग करते हुए कहा कि जंगल सफारी शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस पर कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार वन संरक्षण एवं पर्यटन विकास के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जनहित में आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। तत्पश्चात वे बेस अस्पताल पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए अस्पताल की सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया।



**कोटद्वार में वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल व प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने संयुक्त रूप से सोविनियर शाप्स एंड स्टडी सेंटर का उद्घाटन किया।**

## काले झण्डे दिखाने जा रहे कांग्रेसियों को होटल के कमरे में बंद किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )। भाजपा सरकार के मंत्री सुबोध उनियाल के कोटद्वार आगमन पर पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ता उन्हें काले झंडे दिखाने जा रहे थे। इस पर पुलिस ने विजय रावत, नीरज बहुगुणा एवं हिमांशु बहुखंडी को अन्य कार्यकर्ताओं सहित सिद्धबली निकट एक होटल के कमरे में बंद कर दिया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि मंत्री के द्वारा कुछ दिन पहले नरेंद्र नगर मे नगर पालिका परिषद चुनाव में एक महिला और एक पूर्व सैनिक के साथ जिस प्रकार से अभद्रता की गयी उसके लिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए और उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द होनी चाहिए।**

## अब ओपन ड्रेन सिल्ट वाहन करेगा नालों की तलछट सफाई

**धामपुर (चिंगारी)।** वर्षा काल के दौरान, नगर में स्थित नालों के जाम हो जाने के कारण होने वाली जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए अब नगर पालिका परिषद, धामपुर द्वारा ओपन ड्रेन सिल्ट वॉहक वाहन के द्वारा तली झाड़ सफाई कराके समस्या का समाधान कराया जाएगा। सोमवार को लाज इंजीनियरिंग वर्क्स के पास स्थित नाले का गीला कूड़ा निकाल कर ड्रेन सिस्टम से लैस गीला कूड़ा वाहक वाहन का परीक्षण करते हुए इसकी खूबियों का निरीक्षण किया गया।




ओपन ड्रेन सिल्ट वॉहक वाहन का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए पालिकाध्यक्ष।

पालिकाध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने बताया कि नाले-नालियों की सफाई के दौरान गीले कूड़े व सिल्ट को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते समय सड़कों पर गंदगी पसर जाती थी। सफाई के दौरान नालों से निकले कूड़े व सिल्ट को किनारे पर एकत्रित किया जाता था जिससे कड़ी मेहनत के बाद भी सफाई व्यवस्था प्रभावी नही हो पाती थी। उन्होंने बताया कि ओपन ड्रेन सिल्ट वाहक वाहन में सिल्ट भरने के बाद ड्रेन के माध्यम से गंदे पानी को पुन: नाले में ही छोड़ दिया जाता है। जिससे सड़कों पर गंदगी नही पसरती। सिल्ट भरने के बाद वाहन में लगे प्रेशर पंप से उक्त स्थान की सफाई भी कर दी जाती है और नालों की गदंगी ले जाने वाले मार्गो पर भी साफ सफाई बनी रहती है। इससे पूर्व इस वाहन का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ईओ रविशंकर शुक्ला, पालिका सभासद संतोष राजपूत, पुष्पेंद्र सक्सेना, विकास अग्रवाल आदि भी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत अखेड़ा के लिए एडीओ मनोज कुमार प्रशासक नियुक्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने ग्राम पंचायत अखेडा के लिए मनोज कुमार एडीओ पंचायत (ब्लॉक आकू) को प्रशासक नियुक्त किया है। ग्राम पंचायत अखेडा ब्लॉक आकू (नहटौर) की निर्वाचित ग्राम प्रधान कुमारी शिवानी के प्रधान पद के चुनाव को चुनौती देने के लिए एक पिटीशन पराजित प्रत्याशी श्रीमती पूनम ने न्यायालय उपजिलाधिकारी धामपुर में पेश किया था जिसमें 30.5.26 को स्मृति मिश्रा एस डी एम धामपुर ने आदेश पारित करके कुमारी शिवानी के प्रधान पद पर घोषित चुनाव को शून्य घोषित कर दिया था और आदेश की एक प्रति जिलाधिकारी , बिजनौर को इस अनुरोध के साथ भेजने के निर्देश दिए थे कि ग्राम पंचायत अखेड़ा ब्लॉक आकू में कुमारी शिवानी को प्रशासक न बनाया जाए और कोई अन्य व्यवस्था की जाए। न्यायालय उपजिलाधिकारी धामपुर में पिटीशन कर्ता श्रीमती पूनम की ओर से योगेन्द्र पाल सिंह एडवोकेट तथा गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने केस की पैरवी की थी। पिटीशन में मुख्य आरोप यह था कि कुमारी शिवानी की आयु नामांकन पेश करने की तिथि पर निर्धारित आयु से कम थी जिसे न्यायालय ने मान कर आदेश जारी किया है।

## किसानों को नई कृषि तकनीक के प्रति किया जा रहा जागरूक

**लालढांग (चिंगारी)।** भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम के सौजन्य से लालढांग में अनुसूचित जाति के किसानों के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि संस्थान द्वारा कृषि क्षेत्र में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है।



**सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत को क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए समाजसेवी हेमा नेगी।**

नई कृषि नकनीक और मिट्टी के संरक्षण के साथ साथ किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। संस्थान के डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति उप योजना का तात्पर्य विशेष वर्ग को कृषि के प्रति जागरूक करना है, जिसमें भूमि के स्वास्थ्य के संरक्षण और उपजाऊ बनाए रखने के साथ साथ वैज्ञानिक तकनीकी से कृषि उत्पादन बढ़ाने के बारे में जागरूक करना है। इस अवसर पर संस्थान की ओर से किसानों को कृषि यंत्र और उन्नत किस्म के बीज वितरित किए गए।

शिविर में पहुंच कर लालढांग क्षेत्र की समाजसेवी हेमा नेगी ने सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत को क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं में क्षेत्र में जंगली जानवरों से बचाव के लिए फेंसिंग, गांव में स्ट्रीट लाइट, आधार सेंटर का पंजीकरण, हॉस्पिटल में डॉ की सुविधा, सरस केंद्र की स्थापना, लालढांग पोस्ट ऑफिस के पिन कोड का नवीनी करण और लालढांग बाजार को अतिक्रमण मुक्त करवाना से जुड़ी प्रमुख मांगें शामिल थीं। शिविर में ग्राम प्रधान सुनील बिष्ट,ग्राम प्रधान मीठीबेरी कमलेश द्विवेदी, इंद्रजीत सिंह, इंद्र सिंह, भाजपा नेता विकास तिवारी, हीरा सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष विक्रम चौहान सहित भारी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

## दक्ष प्रजापति महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन, कोटद्वार के प्रेम प्रजापति बने मंत्री

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दक्ष प्रजापति महासभा उत्तराखंड की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। कार्यकारिणी में कोटद्वार निवासी प्रेम प्रजापति को प्रदेश मंत्री चुना गया है। यह जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कुमाऊं मंडल के काशीपुर में आयोजित एक बैठक में दक्ष प्रजापति महासभा उत्तराखंड की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया।

महासभा के उत्तराखंड संरक्षक महामण्डलेश्वर स्वामी राम मुनि महाराज एवं महासभा उत्तराखंड के संस्थापक व मुख्य महासचिव संदीप सिंघानिया प्रजापति की सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में महेश प्रजापति को प्रदेश अध्यक्ष, पवन प्रजापति व रामकुमार प्रजापति को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पवन प्रजापति, रवींद्र प्रजापति व राजकुमार प्रजापति को प्रदेश उपाध्यक्ष, मांगेराम प्रजापति व वीरेंद्र प्रजापति को प्रदेश महामंत्री, रामलाल प्रजापति को प्रदेश कोषाध्यक्ष, रामजीलाल प्रजापति को प्रदेश प्रभारी, प्रदीप प्रजापति को मंडल अध्यक्ष गढ़वाल व एडवोकेट सुभाष प्रजापति को कुमाऊं मंडल अध्यक्ष चुना गया।

साथ ही सुमित प्रजापति को युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, पुष्पा प्रजापति को महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व दिनेश प्रजापति को प्रदेश शिक्षा समिति अध्यक्ष चुना गया। बताया कि कार्यक्रम में जुलाई माह में श्री दक्ष प्रजापति जयंती समारोह आयोजित करने के साथ ही प्रतिभावान छात्र, छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय भी लिया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# विधान भवन के पास मां-बेटी ने किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)**। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित विधान भवन के सामने कल दोपहर दो महिलायें विधान भवन के निकट अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने का प्रयास करने लगीं। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल ने सूझबूझ से दोनों महिलाओं को तत्काल सुरक्षित रूप से रोक लिया, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नहीं होने पाई। इसके बाद थाने लाकर दोनों से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि मां-बेटी मूलरूप से हरदोई जिले के थाना संडीला क्षेत्र की निवासी हैं। उन्होंने अपने मकान में हुई चोरी, संपत्ति विवाद के प्रकरण में स्थानीय थाने पर शिकायत की थी, लेकिन थाना पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं की जा रही है। महिलाओं का कहना है कि उक्त मामले में न्याय न मिलने एवं स्वयं को असुरक्षित महसूस करने के कारण वे अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लखनऊ आई थीं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों महिलाओं की बात को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना।


नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

**शोक सन्देश**



**शोक सूचना एवं तेरहवीं संस्कार**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना है कि हमारे पूज्य पिता जी

**डॉ. अनिल कुमार त्यागी**

का स्वर्गवास 6 जून 2026 दिन शनिवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान प्रदान करें।
उनकी आत्मिक शांति हेतु

**रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा**

18 जून 2026 दिन गुरूवार को होनी निश्चित हुई है।

**!! कार्यक्रम !!**

गुरूवार, 18 जून 2026

हवन (निज निवास) ........ प्रातः 8 बजे
बहमभोज ........ दोपहर 12 बजे
रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि ........ दोपहर 2.00 बजे

**कार्यक्रम स्थल : राजमिलन बैंकट हाल, बिजनौर**

शोकाकुल परिवार

नितिश त्यागी (पुत्र) डा. नेहा त्यागी (पुत्री)
एड. प्रमोद त्यागी, संदीप त्यागी (जनता मेडिकल स्टोर) (भाई)
सचिन त्यागी, नितिन त्यागी (भतीजे)
एवं समस्त त्यागी परिवार मो.: 9084356939



## वधू चाहिए

क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।

सम्पर्क करें- 8218839150



**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

**We Are Hiring**

PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)
KINDERGARTEN, LIBRARIAN

बिजनौर से कोतवाली देहात स्टाफ को लाने व ले जाने हेतु कुशल ड्राइवर (HEAVY DL) की आवश्यकता है

*Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred*

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800019,9634289199,8958800042


## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रेहड़वा विकासखंड हल्दौर, जिला बिजनौर में स्थित गौरजा माता मंदिर पर आषाढ़ माह के प्रत्येक सोमवार को लगने वाले मेले की नीलामी (तेहबजारी) दिनांक 19.06.2026 दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत कार्यालय रेहड़वा (खरक जीतपुरा) में होगी। इच्छुक ठेकेदारों को प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक अपने आधार कार्ड की छाया प्रति एवं 50000/ नगद जमानत राशि 19.06.2026 दिन शुक्रवार को ही ग्राम पंचायत कार्यालय रेहड़वा (खरक जीतपुरा) में जमा करानी होगी। शेष नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय रेहड़वा में देखी जा सकती हैं।

नीलामी अधिकारी

अंकुर सिंह — सचिव
पम्पी देवी — प्रशासक

ग्राम पंचायत रेहड़वा विकास खंड हल्दौर, जिला बिजनौर





